धनबाद, मंगलवार
4 अगस्त 2026
वर्ष : 03 अंक : 305
पृष्ठ : 08
मूल्य: 3 /-
E-Mail:-truthpath941@gmail.com

हिन्दी दैनिक समाचार

# ट्रूथ पथ



## ब्रीफ न्यूज

### कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार: कांग्रेस अध्यक्ष ने 20 मंत्रियों के नामों को दी मंजूरी, शाम को शपथ ग्रहण

बेंगलुरु, 03 अगस्त (हि.स.)। कर्नाटक सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार को कांग्रेस हाईकमान ने सोमवार को मंजूरी दे दी है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 20 मंत्रियों के नामों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की है।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार को स्वीकृत सूची भेज दी है। कर्नाटक मंत्रिमंडल विस्तार का शपथ ग्रहण समारोह आज शाम करीब चार बजे बेंगलुरु स्थित लोक भवन में आयोजित होगा।

आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, जिन नेताओं को मंत्री बनाए जाने की मंजूरी दी गई है, उनमें पीएम नरेंद्रस्वामी, शिवराज तंगडगी, रुद्रप्पा लमानी, के.एस. बसवंथप्पा, बी. नागेंद्र, टी. रघुमूर्ति, बी.जेड. जमीर अहमद खान, रिजवान अरशद, संतोष लाड, मधु बंगारप्पा, पुत्तरंगशेट्टी, मंकाला वैद्य, डॉ अजय सिंह, एन. चालुवराय स्वामी, के.एम. शिवलिंगे गौड़ा, एच.सी. बालकृष्ण, गायत्री शांतेगौड़ा, बसवराज रायरेड्डी, विजयानंद कशप्पनावर और लक्ष्मण सवदी शामिल हैं।कांग्रेस अध्यक्ष ने कर्नाटक विधानसभा और विधान परिषद के प्रमुख पदों पर नियुक्तियों को भी मंजूरी दी है।

### झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

नई दिल्ली, 03 अगस्त (हि.स.)। झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को झारखंड की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा राज्य के विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्ण पर दोनों नेताओं की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी कि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की।वहीं, राज्यपाल संतोष गंगवार ने भी ह्यएक्सह्ण पर जारी अपने संदेश में बताया कि नई दिल्ली में प्रधानमंत्री से हुई मुलाकात के दौरान उन्होंने झारखंड की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी। साथ ही राज्य के समग्र विकास, सुशासन और जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर सार्थक एवं विस्तृत चर्चा हुई। राज्यपाल ने बैठक को सकारात्मक बताते हुए कहा कि राज्य के विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री के साथ उपयोगी विचार-विमर्श हुआ। हालांकि, मुलाकात के दौरान किसी विशेष परियोजना या निर्णय का विस्तृत विवरण सार्वजनिक नहीं किया गया।

### ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन पर गर्व: प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली, 03 अगस्त (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रातः एक्स पोस्ट में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन पर गर्व और खुशी जताते हुए विजेताओं को बधाई दी। भारत ने इन खेलों में 13 स्वर्ण, 17 रजत और नौ कांस्य पदकों के साथ कुल 39 पदक अपने नाम किए हैं। भारत ने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और कनाडा के बाद चौथा स्थान हासिल किया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लिखा, " इस बात की खुशी है कि भारत ने 39 मेडल जीते हैं, जिनमें 13 स्वर्ण पदक शामिल हैं। पदक जीतने वालों को बधाई। पूरे गेम्स के दौरान हमारे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल, दृढ़ संकल्प और समर्पण दिखाया है। उनकी कड़ी मेहनत हमारे युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। भविष्य की कोशिशों के लिए पूरे भारतीय दल को मेरी शुभकामनाएं। वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते रहें और देश का मान बढ़ाते रहें।"उल्लेखनीय है कि भारतीय समयानुसार देररात स्कॉटलैंड में ग्लासगो कॉमनवेल्थ गेम्स का समापन हो गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# श्रावण की पहली सोमवारी पर बासुकीनाथ धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब

## 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा मंदिर परिसर

दुमका, (एजेंसी) : श्रावण मास की पहली सोमवारी पर विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही शिवभक्तों की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगी रहीं। ₹हर-हर महादेव₹ और ₹बोल बम₹ के जयघोष से पूरा बासुकीनाथ धाम शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि और मनोकामना पूर्ण होने की कामना की।

श्रद्धालु बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर पहले बाबा बैद्यनाथ धाम, देवघर में जलार्पण करने के बाद बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सावन की पहली सोमवारी होने के कारण सामान्य दिनों की तुलना में श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक रही।



श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की है। सुबह से ही जिले के पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार और अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) कंट्रोल रूम से व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी कर रहे हैं। मंदिर परिसर और आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि श्रद्धालुओं का जलार्पण शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से कराया जा सके।

भीड़ अधिक होने के बावजूद श्रद्धालु अनुशासित ढंग से कतारबद्ध होकर जलार्पण करते नजर आए। पुलिसकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी लगातार व्यवस्था बनाए रखने में जुटे रहे, जिससे दर्शन और जलाभिषेक की प्रक्रिया सुचारु रूप से चलती रही।

जिला उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बताया कि पहली सोमवारी को लेकर सभी विभागों को पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है और शिवभक्तों को व्यवस्थित कतारों के माध्यम से जलाभिषेक कराया जा रहा है। धार्मिक मान्यता है कि श्रावण मास की सोमवारी पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इसी आस्था के कारण पहली सोमवारी पर बड़ी संख्या में शिवभक्त बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचकर पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

# बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर ने भाजपा प्रत्याशी को 19,324 मतों से हराया

पटना, 03 अगस्त (हि.स.)। बिहार की चर्चित बांकीपुर विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को 19,324 मतों के अंतर से पराजित किया। इस जीत के साथ प्रशांत किशोर ने सक्रिय चुनावी राजनीति में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।इसके बाद वे लगातार आगे रहे। निर्वाचन विभाग के मुताबिक, राउंडवार मतगणना में 28वें राउंड में दोनों के बीच सबसे अधिक अंतर रहा। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है, क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और उनके पिता नवीन किशोर यहां से लगातार नौ बार जीते हैं। 31 साल से यहां भाजपा का ही विधायक रहा।

अंतिम परिणाम के अनुसार, प्रशांत किशोर को कुल 64,151 मत प्राप्त हुए। भाजपा के उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को 44,827 मत मिले, जबकि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की उम्मीदवार रेखा गुप्ता 14,273 मतों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा 646 मतदाताओं ने 'नोटा' (उपरोक्त में से कोई नहीं) का



विकल्प चुना। चुनाव परिणाम घोषित होते ही जन सुराज के कार्यकताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विभिन्न स्थानों पर समर्थकों ने मिठाइयां बांटी, एक-दूसरे को बधाई दी और जीत का जश्न मनाया। सोमवार सुबह शुरू हुई मतगणना के शुरूआती दौर से ही प्रशांत किशोर बढ़त बनाए हुए थे। मतगणना के प्रत्येक चरण के साथ उनकी बढ़त लगातार बढ़ती गई और अंत तक कायम रही। भारत निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी आंकड़ों के अनुसार, मतगणना कुल 32 चरणों में संपन्न हुई और सभी चरणों में प्रशांत किशोर अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे रहे और अंततः जीत दर्ज की।इसके बाद वे लगातार आगे रहे। निर्वाचन विभाग के मुताबिक, राउंडवार मतगणना में 28वें राउंड में दोनों के बीच सबसे अधिक अंतर रहा। यह सीट भाजपा का गढ़ मानी जाती है, क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और उनके पिता नवीन किशोर यहां से लगातार नौ बार जीते हैं। 31 साल से यहां भाजपा का ही विधायक रहा।

# लोकसभा अध्यक्ष,गृहमंत्री व अन्य ने श्रावण मास के प्रथम सोमवार की देशवासियों को दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली, 03 अगस्त ( हि.स.)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह समेत कई नेताओं ने पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

बिरला ने एक्स पर लिखा, ₹पवित्र श्रावण मास के प्रथम सोमवार की समस्त देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं! श्रावण का प्रथम सोमवार भगवान शिव की आराधना, आत्मशुद्धि, संयम और सकारात्मक ऊर्जा का संदेश लेकर आता है। भगवान भोलेनाथ का सरल और कल्याणकारी स्वरूप हमें विनम्रता, धैर्य, प्रकृति के प्रति सम्मान और लोककल्याण की भावना के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देता है। आज के दिन हम शिव भक्ति के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, सेवा और मानवता के मूल्यों को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लें। देवाधिदेव महादेव की असीम कृपा से सभी के जीवन में सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य, समृद्धि, सफलता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। ॐ नमः शिवाय।

शाह ने कहा कि देवाधिदेव महादेव सभी पर अपनी कृपा बनाए



रखें। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा महादेव का आशीर्वाद प्रत्येक परिवार में सुख-समृद्धि और पूरे राष्ट्र में शांति, सद्भाव तथा नई ऊर्जा का संचार करे। यही मंगलकामना है। हर हर महादेव! केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याणमंत्री शिवराज सिहं ने कहा कि भगवान शिव की कृपा सदैव आप सभी पर बनी रहे, हर घर-आंगन में ऋद्धि - सिद्धि, खुशहाली हो, सबकी मनोकामनाएं पूरी हों, यही प्रार्थना है।

केन्द्रीय कपड़ामंत्री गिरिराज सिंह ने एक श्लोक साझा किया, ह्लनमस्ते भगवान रुद्र भास्करामित तेजसे। नमो भवाय देवाय रसायाम्बुमयात्मने॥ केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारितामंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि आदिदेव भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा से आपका जीवन सुख, शांति, उत्तम स्वास्थ्य युक्त, समृद्धि एवं मंगलमय ऊर्जा से परिपूर्ण हो। यह पवित्र श्रावण मास सभी के लिए श्रद्धा, भक्ति और नवचेतना का संदेश लेकर आए।

भगवान शिव के पावन जलाभिषेक हेतु श्रद्धा, अनुशासन और भक्ति के साथ यात्रा कर रहे सभी शिवभक्त श्रद्धालु कांवड़ियों की मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना है।

# छत्तीसगढ़ के दुर्ग में ईएमआई भरने का झांसा देकर छात्रों-युवाओं से 10 करोड़ से अधिक की ठगी

रायपुर, 03 अगस्त (हि.स.)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में सिबिल स्कोर और कमीशन का लालच देकर छात्रों और बेरोजगार युवाओं से करोड़ों की ठगी की गई है। ₹ईएमआई₹भरने का झांसा देकर छात्रों और युवाओं के साथ 10 करोड़ रुपये से अधिक के बड़े लोन फजीवाड़े का सनसनीखेज मामला सामने आया है। इस शातिर गिरोह ने 600 से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है। इस प्रकरण में मुख्य आरोपित ऋषभ शर्मा को गिरफ्तार कर तीन दिन की पुलिस रिमांड के बाद आज न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

इससे पहले मुख्य आरोपित अनिरुद्ध सिंह और दीपेश जोशी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इस मामले का मुख्य आरोपित ऋषभ शर्मा जुलाई 2026 के आखिरी हफ्ते में पुलिस की बढ़ती दबिश के बाद न्यायालय (कोर्ट) में आत्मसमर्पण करने पहुंचा था जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। गिरोह ने ई एमआई हम भरेंगे कहकर लोगों के दस्तावेज लिए और उनके नाम पर आईफोन, टीवी, एसी और पर्सनल लोन लेकर पैसे हड़प लिए।



सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने आज बताया कि दुर्ग, भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और बालोद के 600 से ज्यादा लोग इसके शिकार हुए हैं। धोखाधड़ी की रकम 10 करोड़ रुपये से अधिक होने का अनुमान है। जांच में आरोपित ऋषभ शर्मा के चार से पांच बैंक खातों में लगभग 1.84 करोड़ रुपये के लेन-देन का भी पता चला है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है । आरोपित के खुलासे और बयानों के आधार पर पुलिस ने कई महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक पासबुक, चेक बुक और मोबाइल फोन खरीद के बड़े पैमाने पर इनवॉइस (बिल) जब्त किए हैं। इस नेटवर्क में पैसों के लेन-देन (फंड फ्लो) और पूरे रैकेट का पदार्फाश करने के लिए पुलिस ने 7 से 8 बैंकों को नोटिस जारी किया है

पुलिस जांच में यह सामने आया कि आरोपितों ने शुरूआती तीन माह तक ईएमआई की किस्तें जमा कर पीड़ितों का विश्वास बनाए रखा। अप्रैल 2026 से किस्तों का भुगतान बंद कर दिया गया। इसके बाद जब रिकवरी एजेंसियां पीड़ितों के घर पहुंचीं, तब उन्हें अपने साथ हुई धोखाधड़ी की जानकारी मिली।

पुलिस के मुताबिक, मामले का खुलासा शंकराचार्य कॉलेज के बीकॉम तृतीय वर्ष के छात्र हिमांशु देवांगन की शिकायत के बाद हुआ। आरोपितों ने छात्रों और युवाओं को यह कहकर अपने झांसे में लिया कि उनके नाम पर इलेक्ट्रॉनिक सामान एवं पर्सनल लोन लेने से सिबिल स्कोर बेहतर होगा। साथ ही प्रत्येक फाइनेंस पर दो से तीन हजार रुपये कमीशन देने और सभी ईएमआई स्वयं जमा करने का भरोसा भी दिया गया।आरोपितों के झांसे में आकर पीड़ितों ने अपने आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक संबंधी दस्तावेज उन्हें सौंप दिए। इसके बाद आरोपितों ने इन्हीं दस्तावेजों के आधार पर आईफोन, एलईडी टीवी, एयर कंडीशनर सहित अन्य महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस कराए। इसके अलावा बजाज फाइनेंस से लगभग 92 हजार रुपये का पर्सनल लोन स्वीकृत कराकर राशि अपने क्यूआर कोड के माध्यम से प्राप्त कर ली।

पदमनाभपुर थाना पुलिस के अनुसार, अब तक 31 छात्रों से 34.13 लाख रुपये की धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया गया है।

# समुद्र प्रदक्षिणा अभियान की सफलता युवा महिलाओं को बड़े सपने देखने की प्रेरणा देगी : राष्ट्रपति

नई दिल्ली, 03 अगस्त (हि.स.)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि ह्यसमुद्र प्रदक्षिणाह्ण अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने वाली भारतीय सेना के नौकायन पोत (आईएएसवी) ह्यत्रिवेणीह्ण की सर्व-महिला टीम की उपलब्धि देश के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को बड़े सपने देखने और समर्पण के साथ राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

राष्ट्रपति ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय सेना के नौकायन पोत ह्यत्रिवेणीह्ण की सर्व-महिला दल से मुलाकात की। यह दल ह्यसमुद्र प्रदक्षिणाह्ण त्रि-सेवा वैश्विक नौकायन अभियान को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद राष्ट्रपति से मिला।

राष्ट्रपति भवन के अनुसार, भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की नौ महिला अधिकारियों ने 314 दिनों में 25 हजार से अधिक समुद्री मील की यात्रा पूरी की। अभियान के दौरान दल ने विश्व के सबसे चुनौतीपूर्ण समुद्री मार्गों में शामिल चार महासागरों को पार करते हुए केप लीउविन, केप हॉर्न और केप ऑफ गुड होप का चक्कर लगाया तथा वैश्विक समुद्री परिक्रमा के सभी अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा किया।

राष्ट्रपति ने सर्व-महिला दल के साहस, धैर्य, दृढ़ता और उत्कृष्ट पेशेवर क्षमता की सराहना करते हुए



कहा कि यह अभियान भारतीय महिलाओं की क्षमता, नेतृत्व और संकल्प का सशक्त उदाहरण है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि से देश के युवाओं, विशेषकर महिलाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने की प्रेरणा मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि ह्यसमुद्र प्रदक्षिणाह्ण भारत का पहला त्रि-सेवा (थल सेना, नौसेना और वायुसेना) सर्व-महिला वैश्विक समुद्री परिक्रमा अभियान है। इसका उद्देश्य नारी शक्ति, तीनों सेनाओं के संयुक्त संचालन और भारत की समुद्री क्षमता का प्रदर्शन करना था। अभियान की शुरूआत 11 सितंबर 2025 को मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से हुई थी। भारतीय सेना के स्वदेश निर्मित सेलिंग पोत आईएएसवी त्रिवेणी पर सवार दल ने 314 दिनों में लगभग 25,500 समुद्री मील की यात्रा पूरी कर 22 जुलाई को मुंबई वापसी की।

अभियान के दौरान दल ने चार महासागरों की यात्रा की, भूमध्य रेखा को दो बार पार किया तथा विश्व के तीन प्रमुख अंतरीप–केप लीउविन (ऑस्ट्रेलिया), केप हॉर्न (दक्षिण अमेरिका) और केप ऑफ गुड होप (अफ्रीका)–का चक्कर लगाकर वैश्विक समुद्री परिक्रमा के सभी अंतरराष्ट्रीय मानदंड पूरे किए।

अभियान का नेतृत्व लेफ्टिनेंट कर्नल अनुजा वरुडकर ने किया, जबकि स्क्वाड्रन लीडर श्रद्धा पी. राजू उप-अभियान प्रमुख थीं। दल में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना की कुल नौ महिला अधिकारी शामिल थीं।

# शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि पर आज लुकैयाटांड़ में होगा भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम

## सीएम हेमंत करेंगे गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण

रामगढ़: झारखंड आंदोलन के पुरोधा और राज्य के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले दिशोम गुरु दिवंगत शिबू सोरेन की पहली पुण्यतिथि 4 अगस्त को उनके पैतृक गांव रामगढ़ के नेमरा, लुकैयाटांड़ में मनाई जाएगी. इस अवसर पर भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की जाएगी. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के साथ कई मंत्री और नेता शामिल होंगे और लुकैयाटांड़ स्थित सोना सोबरन स्कूल के प्रांगण में स्थापित गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण करेंगे.

शिबू सोरेन की पुण्यतिथि कार्यक्रम को लेकर नेमरा व लुकैयाटांड़ में तैयारियां जोर-शोर से चल रही थी. कार्यक्रम स्थल पर भव्य पंडाल तैयार किया गया है. बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकताओं, समर्थकों और गुरुजी को अपना आदर्श मानने वाले लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने की संभावना है. आयोजन को लेकर स्थानीय लोगों में भी उत्साह देखा जा रहा है.

गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का होगा अनावरण



इस संबंध में जेएमएम संयोजक मंडली के सदस्य विनोद किस्कू ने बताया कि 4 अगस्त को गुरुजी की पुण्यतिथि पर विशेष श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित की गई है . उन्होंने कहा कि लुकैयाटांड़ में गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण होना है. इसके लिए भव्य पंडाल बनाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि गुरुजी को चाहने और उन्हें अपना आदर्श मानने वाले बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे.

गुरुजी के परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे वहीं जिला परिषद सदस्य रेखा सोरेन ने कहा कि लुकैयाटांड़ में गुरुजी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा. पहली पुण्यतिथि को लेकर तैयारियां चल रही हैं. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में गुरुजी के परिवार के सदस्य भी मौजूद रहेंगे. उनके अनुसार, परिवार के साथ बड़ी संख्या में समर्थक और स्थानीय लोग भी श्रद्धांजलि देने पहुंचेंगे.

## संक्षिप्त खबरें

# हेमंत सरकार के साढ़े छह वर्षों की सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की हो सीबीआई जांच : भाजपा

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांचीः भाजपा के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि राज्य सरकार के साढ़े छह वर्षों का कार्यकाल युवाओं के सपनों की हत्या और भर्ती घोटालों का इतिहास बन गया है।उन्होंने मांग की है कि इस अवधि में आयोजित सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की सीबीआई जांच करायी जाये।मुख्यमंत्री इस्तीफा दें और जेपीएससी के सभी सदस्यों को तत्काल बर्खास्त कर पारदर्शी तरीके से नयी नियुक्ति की जाये।भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री शाहदेव ने पूर्व जेपीएससी अध्यक्ष एल ख्यांगते की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि गंभीर तथ्य सामने आने के बावजूद उनकी गिरफ्तारी न होना यह साबित करता है कि सीआईडी फ्रेंडली मैचखेल रही है और सिर्फ छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि ख्यांगते ने तत्कालीन सहायक परीक्षा नियंत्रक श्वेता गुप्ता के स्थानांतरण के बावजूद उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया, अकेले परीक्षा परिणाम पर हस्ताक्षर किए और ब्लैकलिस्टेड एजेंसी का चयन किया।भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 315, 316 और 320 के अनुसार, परीक्षा संचालन, गोपनीयता और मूल्यांकन जैसे मूल संवैधानिक कार्य जेपीएससी के हैं, जिन्हें निजी एजेंसियों को सौंपना संविधान के साथ गंभीर खिलवाड़ है।सिर्फ कुछ कर्मचारियों की गिरफ्तारी से सच सामने नहीं आएगा, बल्कि शीर्ष पदों पर बैठे लोगों से रिमांड पर पूछताछ जरूरी है।श्री शाहदेव ने कांग्रेस पार्टी पर भी दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया।उन्होंने कहा कि दिल्ली में युवाओं की बात करने वाली कांग्रेस झारखंड में युवाओं के भविष्य की लूट पर पूरी तरह मौन है।उन्होंने सवाल किया कि जेपीएससी घोटालों पर कांग्रेस की जुबान क्यों बंद है और राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा इस मुद्दे पर झारखंड से क्यों नदारद हैं? प्रेस वार्ता में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अजय राय भी उपस्थित रहे।

# पति और पत्नी का मर्डर मामले का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार

पश्चिमी सिंहभूम (एजेंसी) : कुमारडुंगी थाना क्षेत्र के गांडीकिता गांव में हुए चर्चित दोहरे हत्याकांड का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर, डंडा, कुल्हाड़ी तथा खून लगे कपड़े भी बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार 31 जुलाई 2026 को गांडीकिता गांव स्थित सरकारी तालाब के समीप एक पुरुष और एक महिला का शव मिलने की सूचना मिली थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। मृतकों की पहचान इया सिंकु (44 वर्ष) एवं उनकी पत्नी रोजवती उर्फ रोयो सिंकु (42 वर्ष) के रूप में हुई थी।मृतका की बहू शीला सिंकु के लिखित आवेदन के आधार पर कुमारडुंगी थाना कांड संख्या 18/26, धारा 103(1)/3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी साक्ष्य और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने इस मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में विजय गागराई उर्फ रोडो गागराई (22 वर्ष), गिरधारी कोंडाकेल उर्फ मुकुल उर्फ दासो (28 वर्ष), चन्द्रमोहन पूर्ति उर्फ दारा (25 वर्ष) तथा पांडु कोंडाकेल (36 वर्ष) शामिल हैं। पूछताछ में सभी आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त पत्थर, डंडा, कुल्हाड़ी और खून लगे कपड़े बरामद किए हैं। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि दोहरा हत्याकांड पुरानी आपसी रंजिश के कारण अंजाम दिया गया था।

# परीक्षा में धांधली के खिलाफ सात अगस्त को आइसा का विधानसभा मार्च का ऐलान

रांची (एजेंसी) : ऑल इंडिया स्टूडेंट्स ऐसोसिएशन (आइसा) ने 14वीं जेपीएससी सहित जेएसएससी में पेपर लीक और धांधली के आरोपों पर राज्यव्यापी प्रतिवाद का ऐलान किया है। इस कड़ी में छात्र-युवा सात अगस्त को विधानसभा मार्च का ऐलान किया है। सोमवार को राजधानी के अल्बर्ट एक्का चौक सहित धनबाद, गिरिडीह, रामगढ़, पलामू तथा राज्य के अन्य हिस्सों में राज्यव्यापी प्रतिवाद किया गया।मार्च में आइसा और आरवाइए से बड़ी संख्या में सदस्य इसमें हिस्सा लेंगे।वहीं, आंदोलन को समर्थन देने के लिए जंतर-मंतर पर हुई भूख हड़ताल और आंदोलन का हिस्सा रहीं आइसा की केंद्रीय अध्यक्ष नेहा भी विशेष तौर पर इस प्रतिवाद मार्च में शामिल होंगी। प्रतिवाद मार्च के पहले सरकार से छात्रों से संवाद करने और उनकी समस्याओं का समाधान करने की मांग की गयी।आइसा की राज्य अध्यक्ष विभा पुष्पा दीप ने कहा कि झारखंड के बड़ी तादाद में छात्र-युवा 29 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन पर बैठे हुए हैं।उन्होंने हेमंत सरकार से तत्काल 14वीं जेपीएससी परीक्षा रद्द करने, जेपीएससी और जेएसएससी-सीजीएल में पेपर लीक और धांधली में संलिप्त लोगों की पहचान उजागर करने, आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, समय पर परीक्षा कैलेंडर जारी करने, नियमित भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने की मांग की गयी।आइसा राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि आज सभी भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली लगातार हो रही है।यह धांधली निजी एजेंसियों के माध्यम से हो रही है, क्योंकि परीक्षा कराने की जिम्मेदारी उन्हें सौंपना एक घातक फैसला है। आइसा के रांची जिला अध्यक्ष विजय कुमार, रिया तुलिका पिंगुआ, सुहानी मेहता, नौरीन अख्तर, पंकज, सुफियान, नोहिद, रूपेश, कृष्णा महतो, नीलकंठ महतो, एहतेशाम अली, अफजल दुर्रानी सहित दर्जनों छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से कहा कि परीक्षा कराने की जवाबदेही सरकार अपने हाथों में ले, जिससे अभ्यर्थियों के प्रति पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके।

# मुर्गा महादेव जा रही स्कूटी एस-मोड़ पर बेकाबू होकर खेत में गिरी, तीन युवतियां गंभीर रूप से घायल

पश्चिमी सिंहभूम (एजेंसी) : जगन्नाथपुर-चाईबासा मुख्य मार्ग पर स्थित कोचड़ा गाँव के समीप एस मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना घटी। चाईबासा से प्रसिद्ध मुर्गा महादेव मंदिर जल चढ़ाने जा रही एक स्कूटी अनियंत्रित होकर पुल से सीधे खेत में जा गिरी। इस हादसे में स्कूटी सवार तीन महिलाएँ बाल-बाल बचीं, लेकिन तीनों को गंभीर चोटें आई हैं।प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के अनुसार, तेज रफ्तार और एस मोड़ का सही अंदाजा न होने के कारण स्कूटी चालक का वाहन से संतुलन बिगड़ गया। गाड़ी सीधे पुल के नीचे खेत में जा गिरी। घटना में स्कूटी चला रही रानी पान (30) को सबसे गंभीर चोटें आई हैं। वहीं, पीछे बैठी उनकी रिश्तेदार आरती पान (20) और राजनी पान (19) के चेहरे व कान पर गंभीर चोटें लगी हैं।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए निजी टेम्पो की मदद से तीनों घायलों को जगन्नाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया। प्राथमिक उपचार के बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. पंकज महतो ने घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, चाईबासा रेफर कर दिया।

# 7-8 अगस्त को जमशेदपुर में होगा युवा आजसू का दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन, तैयारियों की समीक्षा; ऑनलाइन सदस्यता अभियान का शुभारंभ

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : आगामी 7 एवं 8 अगस्त को जमशेदपुर में आयोजित होने वाले युवा आजसू के दो दिवसीय प्रदेश अधिवेशन की तैयारियों को लेकर पार्टी के केंद्रीय कार्यालय, हरमू (रांची) में युवा आजसू के प्रदेश संयोजकों एवं पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने की।

बैठक में श्री महतो ने अधिवेशन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि यह अधिवेशन संगठन को नई ऊर्जा, नया नेतृत्व और नई दिशा देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, वैचारिक स्पष्टता और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास आजसू की प्राथमिकता है। इस अवसर पर युवा आजसू के ऑनलाइन सदस्यता एवं पंजीकरण अभियान का शुभारंभ भी किया गया।उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को प्रतिनिधि सम्मेलन में संगठनात्मक विस्तार, भावी रणनीति एवं विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा होगी, जबकि 8 अगस्त को झारखंड आंदोलन के अमर सेनानी शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की जाएगी। साथ ही



संगठन के आगामी कार्यक्रमों एवं अभियानों की घोषणा की जाएगी।बैठक में प्रचार-प्रसार, पंजीकरण, आवास, भोजन, परिवहन, अनुशासन एवं कार्यक्रम संचालन सहित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिवेशन में राज्यभर से पंचायत, प्रखंड, जिला, प्रदेश तथा शहरी निकायों के प्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के युवा भाग लेंगे।बैठक में पूर्व विधायक एवं केंद्रीय महासचिव डॉ. लंबोदर महतो, केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव दीपक महतो, केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता संजय महतो, रांची जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, केंद्रीय सचिव हरीश सिंह, ज्ञान सिन्हा, केंद्रीय मीडिया संयोजक परवाज खान, युवा आजसू के प्रदेश संयोजक मो. जब्बार, छात्र आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रताप सिंह, बबलू महतो, हर्ष मेहता सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।मीडिया से बातचीत में सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य में भर्ती घोटालों ने युवाओं का विश्वास तोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल सीआईडी जांच के भरोसे मामले को ठंडे बस्ते में डालना चाहती है। उन्होंने मांग की कि 14वीं जेपीएससी एवं जेएसएससी भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच कराई जाए, जेपीएससी के वर्तमान सदस्यों को तत्काल हटाया जाए तथा सेवानिवृत्त न्यायाधीशों एवं विशेषज्ञों की स्वतंत्र समिति गठित कर पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए।उन्होंने कहा कि सरकार यह भी स्पष्ट करे कि आगामी नियुक्तियां किस प्रकार पारदर्शी ढंग से होंगी और युवाओं को निष्पक्ष अवसर कैसे मिलेगा। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी छात्रों और युवाओं के संघर्ष के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। पार्टी का स्पष्ट एजेंडा है–पारदर्शी एवं कदाचार-मुक्त परीक्षाएं, न्यायपूर्ण रोजगार और शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार। 14वीं जेपीएससी एवं जेएसएससी भर्ती घोटालों की अविलंब सीबीआई जांच कराई जाए।जेपीएससी के सभी वर्तमान सदस्यों को तत्काल हटाकर आयोग का पुनर्गठन किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष व्यक्तियों की नियुक्ति की जाए।जेएसएससी सीजीएल परीक्षा के गिरफ्तार द्वितीय टॉपर अभय तिवारी प्रकरण सहित पूरे भर्ती तंत्र की निष्पक्ष जांच हो तथा जेएसएससी के वर्तमान अध्यक्ष की भूमिका की भी जांच कर उन्हें पद से हटाया जाए।सरकार यह सार्वजनिक करे कि अब तक सीआईडी को कितने महत्वपूर्ण मामलों की जांच सौंपी गई, उनमें से कितने मामलों का अंतिम निष्पादन हुआ तथा कितने मामले अब भी लंबित हैं।

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न, युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत निर्माण का संकल्प

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची।युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माई भारत द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के युवाओं ने कुल आठ प्रतियोगिताओं नृत्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, स्लैम पोएट्री, लघु फिल्म/रील एवं स्लोगन लेखन में उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का आधार स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार युवा शक्ति है तथा प्रत्येक युवा को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए।कार्यक्रम का समापन उप विकास आयुक्त संजय भगत,प्रोबेशनर आईएएस आस्था शरण एवं राज्य निदेशक माई भारत ललिता कुमारी।की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ।अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त संजय भगत ने कहा कि झारखंड में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।प्रोबेशनर आईएएस सुश्री आस्था शरण।ने विशेष रूप से छात्राओं को सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।राज्य निदेशक ललिता कुमारी ने युवाओं से नशा मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत है।इस अवसर पर माई भारत रांची की उप निदेशक श्वेता सिंह ने युवाओं को माई भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर मंत्रालय द्वारा उपलब्ध विभिन्न स्वयंसेवी, नेतृत्व विकास, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जिला, राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं की जानकारी भी दी तथा सभी युवाओं एवं नागरिकों से माई भारत पोर्टल पर नशा मुक्त युवा डिजिटल प्रतिज्ञा।लेने एवं अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की।

# डीसी ने नगर निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश

पलामू (एजेंसी) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न नगर निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम सहित विभिन्न नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में वर्टिकल-3 के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-डी में पूर्ण हो चुके फ्लैटों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करते हुए अगले माह लाभुकों का गृह प्रवेश सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि पात्र परिवारों को शीघ्र आवास का लाभ मिल सके।बैठक में चियांकी पार्क के विकास कार्यों तथा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।समीक्षा के दौरान विभिन्न नगर निकायों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की गई।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएं।बैठक के दौरान एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट), सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, साफ-सफाई, होल्डिंग एवं प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, पार्कों के विकास, शहरी आधारभूत संरचना तथा अन्य विकास योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विकास योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# राज्य का कोई भी पात्र भारतीय नागरिक, मतदाता सूची से छुटे नः के. रवि कुमार

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत राज्य के सभी पात्र भारतीय नागरिक का मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण सुनिश्चित करना है। राज्य के अधिकांश युवा मतदाता किसी न किसी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा संस्थान से जुड़े हुए हैं। इसलिए सभी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा संस्थानों की यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि वे पात्र विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित करें तथा भारत निर्वाचन आयोग के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक सहयोग प्रदान करें। के. रवि कुमार सोमवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं तकनीकी शिक्षण संस्थानों के प्रमुखों के साथ आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद फॉर्म-6 के माध्यम से नए पात्र



मतदाताओं का नाम जोड़ने हेतु राज्यभर में व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक तक मतदाता पंजीकरण की जानकारी पहुँचाना निर्वाचन तंत्र की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों में विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान चलाने का आह्वान किया। के रवि कुमार ने कहा कि शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य/निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के समन्वय से अपने-अपने परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, पंजीकरण शिविर तथा हेल्प डेस्क का आयोजन करें, ताकि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा 1 अक्टूबर, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी पात्र युवाओं का नाम मतदाता सूची में दर्ज किया जा सके।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा सभी जिलों को युवा मतदाताओं से संबंधित प्रचार-प्रसार सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई है। शैक्षणिक संस्थान जिला निर्वाचन कार्यालय से समन्वय स्थापित कर इन प्रचार-प्रसार सामग्रियों का उपयोग अपने परिसर में आयोजित पंजीकरण शिविरों एवं जागरूकता कार्यक्रमों में कर सकते हैं। के. रवि कुमार ने कहा कि वर्तमान समय के अधिकांश नए मतदाता सोशल मीडिया का व्यापक रूप से उपयोग करते हैं। इसलिए उन्हें विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों के जरिए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा कोई भी अपात्र अथवा विदेशी नागरिक मतदाता सूची में सम्मिलित न हो, इसके लिए व्यापक जन-जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।बैठक में उच्च शिक्षा निदेशक सुधीर बाड़ा, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, तकनीकी शिक्षा विभाग के निदेशक जॉर्ज कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज कुमार ठाकुर, उप निर्वाचन पदाधिकारी (लोहरदगा) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह तथा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से राज्य के विभिन्न उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, संस्थानों के प्राचार्य/निदेशक उपस्थित थे।

# वाणिज्य-कर विभाग में अधिकारियों को प्रोन्नति, 40 अफसरों का तबादला सात अफसर बने अपर आयुक्त

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : वाणिज्य-कर विभाग के अंतर्गत राज्य कर सेवा के अधिकारियों के लिए बड़े पैमाने पर प्रोन्नति और पदस्थापना की अधिसूचना जारी की है।विभाग में संयुक्त आयुक्त स्तर के सात अधिकारियों को नियमित प्रोन्नति देकर अपर आयुक्त बनाया गया है, जबकि राज्य कर पदाधिकारी स्तर के 40 अधिकारियों को सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नत कर नयी जिम्मेदारियां सौंपी गयी हैं।कई अधिकारियों को नये अंचलों और अन्वेषण ब्यूरो में तैनात किया गया है, जबकि कुछ को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।संयुक्त आयुक्त से अपर आयुक्त बने अधिकारियों में योगेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार चौधरी, राम प्रवेश प्रसाद, अनूप गौरव, संजय कुमार गुप्ता, गालिब अंसारी और विश्वजीत कुमार सिन्हा शामिल हैं। योगेंद्र प्रसाद को राज्य कर अपर आयुक्त (अपील), रांची प्रमंडल बनाया गया है।उन्हें जमशेदपुर प्रमंडल के अपील का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।वहीं, सुनील कुमार चौधरी को मुख्यालय रांची स्थित अंकेक्षण इकाई में अपर



आयुक्त बनाया गया है।राम प्रवेश प्रसाद को हजारीबाग प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन), अनूप गौरव को दुमका स्थित संथाल परगना प्रमंडल में अपर आयुक्त (अपील), संजय कुमार गुप्ता को संथाल परगना प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन) के साथ धनबाद प्रमंडल के अपील का अतिरिक्त प्रभार, गालिब अंसारी को हजारीबाग प्रमंडल में अपर आयुक्त (अपील) तथा विश्वजीत कुमार सिन्हा को धनबाद प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन) बनाया गया है।

वहीं, राज्य कर पदाधिकारियों को सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नति दी गयी है।चंदन कुमार को गुमला, अतुल कुमार को अन्वेषण ब्यूरो जमशेदपुर, मिताली मेटे को बोकारो, नवनीत कुमार को पाकुड़, मो शफिक को हजारीबाग तथा दिलीप कुमार कौशल को साहिबगंज अंचल में नई जिम्मेदारी मिली है। शुभ निशांत और राघवेंद्र कुमार विपुल को वित्त विभाग से सेवा वापस लेकर क्रमशः पूर्वी अंचल, रांची और चिरकुंडा अंचल में सहायक आयुक्त बनाया गया है।मो अफरोज आलम की सेवा नियमित प्रोन्नति के बाद झारखंड भवन, नई दिल्ली में पदस्थापन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को सौंपी गयी है। इसके अलावा राजीव कुमार सिंह, राजन कुमार, नीतीश कुमार, संजय कुमार महतो, रंजीत कुमार, आकाश कुमार, प्रीति केरकेट्टा, मनीष मिंज, ज्योति सामड, कृति कुजूर, रंजीता तिर्की, अशोक कुमार हांसदा, रेशमा तिर्की, प्रेमचंद उरांव, सीमा कुजूर, बिशुन दयाल एक्का, शशि भूषण पाठविंगुवा, प्रतिभा कुजूर और पूनम तामसोय समेत कई अधिकारियों को विभिन्न अंचलों, अंकेक्षण इकाइयों और अन्वेषण ब्यूरो में नयी जिम्मेदारी दी गयी है।

# रांची के छात्र आंदोलन में उभरा सोनम वांगचुक 2.0: कौन हैं देवेंद्र नाथ महतो?

रांची, (एजेंसी) : रांची के जयपाल सिंह स्टेडियम में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) में कथित धांधली के खिलाफ छात्रों के आंदोलन ने अब एक नए चेहरे को जन्म दिया है, इसकी तुलना लद्दाख के प्रसिद्ध शिक्षाविद् सोनम वांगचुक से हो रही है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो ने कसम खाई है कि जब तक इन दोनों एजेंसियों में पूरी पारदर्शिता नहीं आती, वह अपनी भूख हड़ताल जारी रखने वाले है। उनकी दृढ़ता ने झारखंड के युवाओं की संवेदनाओं को गहरा छुआ है।

महतो ने 5 जुलाई को जेपीएससी के 14वें सिविल सेवा इम्तिहान के प्रीलिम्स रिजल्ट में सामने आईं कथित गड़बड़ियों के बाद आंदोलन का बिगुल फूंका था। उन्होंने कहा, अभी नहीं तब कभी नहीं। अनियमितताओं के चलते मेरे पास भूख हड़ताल के अलावा कोई विकल्प नहीं था। छात्रों के इस आंदोलन को कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दिपके ने भी समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

रांची के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र राहें प्रखंड के कापीडीह गांव निवासी देवेंद्र नाथ महतो ने विषम परिस्थितियों में अपनी पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने मैट्रिक (2006) से लेकर दो विषयों संस्कृत और कुरमाली में स्नातकोत्तर (पोस्ट ग्रेजुएट) और बी.एड. तक की सभी परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी हासिल की है। उनकी पढ़ाई का सिलसिला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची और हजारीबाग से जुड़ा रहा। वर्ष 2015 से वे छात्रवृत्ति घोटाले, पेपर लीक, नियोजन नीति और जेपीएससी-जेएसएससी की परीक्षाओं में धांधली जैसे मुद्दों को मजबूती से उठाते रहे हैं। छठी जेपीएससी परीक्षा के खिलाफ आंदोलन के दौरान उन्होंने अपनी मां को खो दिया, लेकिन छात्रों के अधिकारों की इस लड़ाई से वे पीछे नहीं हटे।

छात्र हितों के लिए लड़ते हुए महतो ने 2024 के लोकसभा चुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के बैनर तले रांची सीट से अपनी किस्मत आजमाई थी, जहां उन्होंने 1.32 लाख से अधिक वोट हासिल किए। चुनाव आयोग को दिए हलफनामे के अनुसार, उनकी संपत्ति लगभग 1.66 लाख रुपये है, और छात्र आंदोलनों तथा विरोध-प्रदर्शनों में सक्रियता के कारण उन पर 11 मामले भी दर्ज हैं। उन्होंने 2024 का विधानसभा चुनाव सिल्ली सीट से भी लड़ा था।

ट्रूथ पथ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक कुमार भारती के द्वारा डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, भास्कर प्रीटिंग प्रेस गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर के.जी. आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रिक एवं नियर भाटिया शिव मंदिर, गांधी नगर धनबाद से प्रकाशित फोन नं. 7004605076, 9852421580

संपादकः- रवि रंजन * इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी आर बी एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उतरदायी। ई. मेलः-truthpath941@gmail.com आर. एन. आई.नंबर .-JHAHIN/2023/90593

## संक्षिप्त खबरें

# सावन की पहली सोमवारी पर धनबाद के शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद। सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर धनबाद के विभिन्न शिव मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का जुटान हुआ। सबसे अधिक श्रद्धालु भुईफोड़ मंदिर आए। खड़ेश्वरी मंदिर, त्रिमूर्ति मंदिर, कामनाथ मंदिर, धनसार के सत्यनारायण मंदिर सहित अन्य मंदिरों में पूजा के लिए लोग आए। सुबह से भी श्रद्धालुओं का जुटान होने लगा था। मंदिर परिसर हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से गुंजायमान रहा, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर अपने परिवार, बच्चों और प्रियजनों के सुख, समृद्धि



तथा उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इसके साथ ही सभी भक्तों ने विश्व के कल्याण, सुखशांति। और समृद्धि के लिए भी भगवान शिव से प्रार्थना की। श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत इस अवसर पर मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए सुबह से ही लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और आस्था के साथ बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।

# सावन की पहली सोमवारी पर तिलाटांड से निकली कलश यात्रा



ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद। सावन की पहली सोमवारी पर कतरास तिलाटांड़ शिव मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में आसपास के गांवों और टोलों की महिलाओं, युवतियों एवं श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। श्रद्धालु बाजे-गाजे, हर-हर महादेव के जयघोष और भक्ति गीतों के बीच नाचते-गाते हुए पैदल लिलौरी स्थान स्थित कतरी नदी पहुंचे। कतरी नदी तट पर श्रद्धालुओं ने कलश में पवित्र जल भरा। इसके बाद विनय पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा- अर्चना कराई। जल लेकर सभी श्रद्धालु पुनः तिलाटांड़ शिव मंदिर पहुंचे, जहां भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की।कलश यात्रा के सफल आयोजन में मंदिर समिति के सदस्यों की सक्रिय भूमिका रही। वहीं समाजसेवी नमीत साहू और मंबोध स्वर्णकार ने शाखाटांड़ फाटक के समीप लौट रहे कलश यात्रियों के लिए शरबत एवं बिस्कुट वितरण का स्टॉल लगाकर सेवा भाव का परिचय दिया। श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पुनीत कार्य बताया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्य पंकज सिंह, रोशन हजारी, सुमित रवानी, अंकित रवानी, सोनू हजारी, राहुल सिंह, हर्षित सिंह, पवन हजारी, निखिल सिंह, शुभम हजारी, विवेक हजारी, बिक्की रवानी, रोशन रवानी, अमन सिंह, मनीष रवानी, करण रवानी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और बुजुर्ग श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल रहे।

# सोमनाथ दलाई का सिजुआ क्षेत्रीय के समक्ष चल रहें अनिशिचित कालीन धरनो 77 वे दिन समाप्त

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : सिजुआ स्टेडियम के माली सोमनाथ दलाई का बकाया वेतन एवं स्टेडियम मे पीट वाटर की मांग को लेकर बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष चल रहे अनिश्चितकालीन धरना 77 वे दिन सोमवार को समाप्त हो गया। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो, सिजुआ महाप्रबंधक निर्झर चक्रवर्ती ने धरनार्थी सोमनाथ दलाई को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया। बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने कहा कि जो सोमनाथ दलाई का मांग था। महाप्रबंधक द्वारा मांग मान लिया गया है, जो बकाया था वही भी भुगतान कर दिया गया है।स्टेडियम को बचाने मे सोमनाथ दलाई जीवन भर अपना अहम योगदान दिया है। मौके पर सिजुआ एजुकेशनल एंड स्पोर्ट्स क्लब के सचिव सुरेन्द्र सिंह, महेश पासवान,आदित्यनाथ झा, जलाल अंसारी,मुखिया अशोक ठाकुर, मो शरीफ, भीम महतो,मुन्नो सिंह, दिनेश रवानी, गोविंद चौधरी, अहमद अंसारी, दिनेश राय, राम जीवन सिंह, शंकर सिंह, आदि उपस्थित थे।

# धनबाद में सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जीटी रोड़ कासीटांड के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार जेएच 10 सीपी 9924 में एक व्यक्ति की मौत हो गयी।वहीं बाइक सवार एक अन्य व्यक्ति गंभीर रुप घायल हो गया।मिली जानकारी के अनुसार हरियाणा से कोलकाता जा रही कार संख्या एचआर 26 एडब्ल्यू 4761 सवार अमिताभ बोस हरियाणा से अपने कोलकाता जा रहे थे। इस दौरान रांग साइड से जा रहा बाइक सवार कार से टकरा गया और रोड पर जा गिरा।इस दौरान तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार एक व्यक्ति को कुचल दिया।घटना में उसकी घटनास्थल पथ ही मौत हो गयी।वहीं उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया।बरवाअड्डा पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं घायल को ईलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया है।समाचार लिखे जाने मृतक व घायल का पता नहीं चल पाया है।

# श्रीराम ईपीसी ने 16 कर्मियों का बकाया 17.29 लाख का किया गया भुगतान




ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद। श्रीराम ईपीसी ने सोमवार को बलियापुर में कार्यरत अपने कर्मियों के बकाये पारिश्रमिक का पूर्ण भुगतान कर दिया। जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह तथा उप विकास आयुक्त सन्नी राज की उपस्थिति में अपने 16 कर्मचारियों का 17,29,000 (सत्रह लाख उनतीस हजार रुपये) की राशि का भुगतान कर दिया है। इस संबंध में उप विकास आयुक्त ने बताया कि श्रीराम ईपीसी से बकाया राशि मिलने से कर्मचारियों एवं उनके परिवारों में बेहद खुशी का माहौल है। कर्मचारियों ने जिला प्रशासन की पहल और श्रीराम ईपीसी प्रबंधन के इस कदम के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए आभार जताया है। उन्होंने बताया कि आज श्रीराम ईपीसी के बलियापुर पेयजलापूर्ति योजना में कार्यरत निमय चंद्र कुंभकार को 1,35,000, अन्नू रंजन कुमार को 1,26,000, दीपक कुमार महतो को 1,30,000, दीपक कुमार को 1,26,000, रोहन लाल महतो को 1,17,000, दिलीप कुमार रजक को 1,17,000, सुजय कुमार दास को 1,17,000, अनिल कुमार को 1,08,000, डेविड कुमार मल्लिक को 1,56,000, रोहित मल्लिक को 1,08,000, दीपक कुमार यादव को 60,000, लक्ष्मण महतो को 1,17,000, शुभम कुमार को 60,000, पिंटू सरखेल को 1,17,000, विकास हाड़ी को 81,000 तथा बिकाश कुमार महतो को 54,000 सहित 17,29,000 रुपए का भुगतान किया है। मौके पर पीएचईडी 2 के कार्यपालक अभियंता मुकेश कुमार मंडल, बलियापुर प्रखंड के प्रखंड प्रमुख, मुखिया, माननीय सिंदरी विधायक के प्रतिनिधि सहित अन्य लोग मौजूद थे। गौरतलब है कि उप विकास आयुक्त ने गत 15 मई को जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा के क्रम में बलियापुर फेज 1, मोहिलिडीह लटानी रूपण ग्रामीण जलापूर्ति योजना तथा टुंडी फेज 1 जलापूर्ति योजना की समीक्षा के दौरान श्री राम ईपीसी के कार्य के प्रति लापरवाही एवं कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी प्रकट की थी। इस क्रम में ज्ञात हुआ कि कंपनी ने उनके कर्मियों का पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया है। बैठक में उप विकास आयुक्त ने कंपनी के ड-ीजीएम को कर्मियों का बकाया भुगतान कर जलापूर्ति शुरू करने का निर्देश दिया था। परिणामस्वरूप आज सभी 16 कर्मियों को उनका बकाया भुगतान मिल गया।

# आकाशीय बिजली का कहर, कुसुम विहार बीसीसीएल कॉलोनी में युवक की मौत,महिला गंभीर रूप से घायल

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : धनबाद के कुसुम विहार स्थित बीसीसीएल कॉलोनी में सोमवार को आकाशीय बिजली ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। बिजली गिरने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घायल महिला का इलाज जारी है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक की पहचान अमन कुमार (20) के रूप में हुई है, जबकि घायल महिला सोनी रवानी हैं। दोनों करीब एक वर्ष पहले झरिया के अग्नि प्रभावित भौंरा 12 नंबर इलाके से विस्थापित होकर कुसुम विहार बीसीसीएल कॉलोनी में रहने आए थे। सोमवगर्जना दोनों बिल्डिंग के ऊपर छत पे पानी भर रहे थे, तभी अचानक मौसम खराब हुआ और तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दोनों इसकी चपेट में आ गए।हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने दोनों को गंभीर अवस्था में एसएनएमएमसीएच अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद चिकित्सकों ने अमन कुमार को मृत घोषित कर दिया, जबकि सोनी रवानी की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज एसएनएमएमसीएच में जारी है।घटना के बाद पूरे कुसुम विहार इलाके में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग प्रभावित क्षेत्र से सुरक्षित जीवन की उम्मीद लेकर यहां आए परिवार पर प्रकृति की इस त्रासदी ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।कुसुम विहार बीसीसीएल कॉलोनी में आकाशीय बिजली से हुई इस घटना ने एक बार फिर मानसून के दौरान सतर्क रहने की जरूरत को उजागर कर दिया है। फिलहाल घायल महिला का इलाज जारी है, जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बरमसिया स्कूल में चोरी, वायरिंग उखाड़ी, गैस सिलेंडर भी ले गए

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : बरोरा थाना क्षेत्र के मुराइडीह कालोनी स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरमसिया में चोरों ने एक बार फिर धावा बोल दिया। अज्ञात बदमाशों ने विद्यालय का ताला तोड़कर बिजली की वायरिंग क्षतिग्रस्त कर दी, कक्षा का पंखा व पानी कनेक्शन का तार चुरा लिया। तीन गैस सिलेंडरों में से दो को झाड़ियों में फेंक दिया, जबकि एक सिलेंडर लेकर फरार हो गए। प्रधानाध्यापिका सुशीला कुमारी ने बरोरा थाना में लिखित शिकायत देकर बताया कि विद्यालय में पहले भी कई बार चोरी और तोड़फोड़ हो चुकी है। उन्होंने पुलिस से ठोस कार्रवाई कर विद्यालय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# इसीएल आवासों में पानी पहुंचाने वाले पनभरों का आमरण अनशन शुरू, आठ माह से दे रहे हैं धरना

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : इसीएल मुगमा क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य द्वारा पर पनभरों ने पिछले नौ जनवरी से अपनी मांगो के लेकर दे रहे धरना के आठ माह बाद सोमवार से यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के बैनर तले आमरण अनशन शुरू कर दिया है।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय ने कहा कि इसीएल आवासों में भार से पानी पहुंचाने का काम करने वाले पनभरों ने प्रबधंन के मनमानी के खिलाफ सोमवार से आमरण अनशन पर जाना पड़ा। कहा कि कोलियरी नेशनलाइजेशन के समय से ही इसीएल में काम करने वाले अधिकारियों व कर्मियों के आवासों में पानी पहुंचाने का काम करते आ रहे हैं।लेकिन आज तक इन लोगों का किसी प्रकार का लाभ नहीं दिया गया। कई पनभरा सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके है। वैसे पनभरों के आश्रितों को रोजगार व पचास लाख रुपया एकमुश्त आर्थिक सहायता राशि दिया जाय।कहा कि इसे लेकर ईसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) व अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक को पत्र भेजकर मामले में शीघ्र सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया गया है।बावजूद इस पर कोइ सकारात्मक पहल नहीं किया गया। जबतक मांगे पुरी नहीं होती है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। आमरण अनशन में बैठे नरेश महतो, सुबल रवानी, अर्जुन यादव, उमाकांत यादव, मोहन महतो, शंकर महतो को सांसद प्रतिनिधि ने माला पहना कर अनशन शुरू कराया।

# धनबाद रेल मंडल का श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु विशेष सहायता अभियान

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालु यात्रियों की सुरक्षित, सुगम एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने के क्रम में सोमवार 03 अगस्त को धनबाद रेलवे स्टेशन पर वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा संयुक्त रूप से विशेष सेवा एवं सहायता अभियान संचालित किया गया. अभियान के दौरान कांवरियों को उनके गंतव्य के अनुसार प्लेटफॉर्म एवं ट्रेनों की जानकारी, टिकट संबंधी मार्गदर्शन, स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं की जानकारी तथा आवश्यकता अनुसार अन्य आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया. साथ ही



श्रद्धालुओं को कतारबद्ध एवं अनुशासित ढंग से यात्रा करने, स्टेशन परिसर एवं ट्रेनों में स्वच्छता बनाए रखने तथा रेलवे सुरक्षा नियमों का पालन करने के प्रति भी जागरूक किया गया. श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए धनबाद मंडल द्वारा कोडरमा रेलवे स्टेशन पर भी श्रद्धालु कांवरियों की सुविधा हेतु विशेष सहायता बूथ स्थापित किया गया है तथा टिकट प्राप्त करने में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए एक अतिरिक्त टिकट काउंटर की व्यवस्था की गई है. धनबाद मंडल श्रावणी मेला में आने वाले श्रद्धालु कांवरियों को सुरक्षित, सहज एवं बेहतर यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है तथा आवश्यकतानुसार विभिन्न स्टेशनों पर सहायता, मार्गदर्शन, नियमित उद्घोषणाओं एवं यात्री सुविधाओं की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित कर रहा है, ताकि श्रद्धालु यात्री अपनी यात्रा बिना किसी कठिनाई के पूर्ण कर सकें.

# नेहरू बालिका उच्च विद्यालय को पुनः शुरू करने के लिए सखी मंडल ने दिया धरना

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र के अंतर्गत लंबे समय से बंद पड़े नेहरू बालिका उच्च विद्यालय को फिर से चालू कराने की मांग को लेकर विवाद गहरा गया है। विद्यालय को अपने नेतृत्व में संचालित करने को लेकर दो अलग-अलग पक्ष आमने-सामने आ गए हैं, जिसके कारण स्थिति पेचीदा हो गई है। ताजा मामले में सखी मंडल की महिलाओं ने विद्यालय पुनः संचालित करने की मांग को लेकर स्कूल परिसर में धरना दिया। इस दौरान महिलाओं



ने विद्यालय का ताला जबरन तोड़ दिया और परिसर के भीतर प्रवेश कर गईं। घटना की सूचना मिलते ही सीआईएसएफ की टीम मौके पर पहुंची और मुस्तैदी दिखाते हुए महिलाओं को परिसर से बाहर निकाला। इसके बाद सीआईएसएफ ने स्कूल भवन में दोबारा ताला जड़ दिया। बताया जा रहा है कि सखी मंडल की महिलाओं ने विद्यालय संचालन की अनुमति के लिए बीसीसीएल के सीएमडी को पत्र भी भेजा है। दूसरी ओर, स्थानीय शिक्षित युवाओं और महिलाओं के एक अन्य समूह डुमरा में संचालित निःशुल्क शिक्षा केंद्र को नेहरू बालिका विद्यालय के भवन में शिफ्ट कराने की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर युवाओं ने 5 अगस्त को बरोरा क्षेत्रीय कार्यालय के समक्ष जोरदार धरना-प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। फिलहाल बीसीसीएल प्रबंधन ने किसी भी पक्ष को विद्यालय भवन का आवंटन नहीं किया है, दो पक्षों के बीच खींचतान और मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए प्रबंधन ने फिलहाल 'वेट एंड वॉच' की नीति अपना रखी है।

# डिजिटल भुगतान के दौर में टेक्स्ट मैसेज धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबादः डिजिटल भुगतान के बढ़ते उपयोग के बीच नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने टेक्स्ट मैसेज धोखाधड़ी को लेकर लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। संस्था के अनुसार साइबर ठग अक्सर बैंक, सरकारी एजेंसियों, डिलीवरी कंपनियों या अन्य भरोसेमंद संस्थानों के नाम से फर्जी एसएमएस भेजकर लोगों को लिंक पर क्लिक करने, फर्जी हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने, ऐप डाउनलोड करने या ओटीपी, यूपीआई पिन और पासवर्ड जैसी गोपनीय जानकारी साझा करने के लिए प्रेरित करते हैं। एनपीसीआई ने लोगों से किसी भी संदेश पर कार्रवाई करने से पहले उसकी सत्यता की जांच करने, केवल आधिकारिक स्रोतों से ही ऐप डाउनलोड करने और बैंक खाते में पैसे जमा होने की पुष्टि सीधे खाते की जांच कर करने की सलाह दी है। संस्था ने यह भी कहा कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक करने या संदिग्ध ऐप डाउनलोड करने से बचना चाहिए तथा किसी भी व्यक्ति के साथ ओटीपी, यूपीआई पिन या पासवर्ड साझा नहीं करना चाहिए। यदि किसी तरह का संदिग्ध संदेश प्राप्त हो तो उसका रिकॉर्ड सुरक्षित रखें और तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 या संचार साथी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें। एनपीसीआई का कहना है कि थोड़ी सतर्कता, समय पर सत्यापन और जागरूकता अपनाकर अधिकांश डिजिटल वित्तीय धोखाधड़ी से बचा जा सकता है।

# मैथन थर्मल विस्थापित एवं स्थानीय समिति ने शुरू किया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

## देर रात तक चारों गेट को रखा गया जाम

ट्रुथ पथ प्रतिनिधि

धनबाद : मैथन थर्मल विस्थापित एवं स्थानीय समिति विधायक (गुट) ने सोमवार की सुबह करीब 7 से ढोल नगाडा के साथ प्रदर्शन करते हुए एमपीएल के चारों गेट को जाम कर दिया।कंपनी प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मुख्य द्वार, एटीएम गेट, डोमभूई गेट को भी जाम कर दिया गया है।करीब 12 घंटे से एमपीएल के अलावा विभिन्न कंपनियों में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी प्लांट के अंदर ही फंसे हुए हैं।अधिकारियों की बस सहित छोटी वाहनों की काफिला सुबह से लेकर देर शाम तक निरसा पुराना थाना के समीप खड़ी रही।इधर इस आंदोलन के समर्थन में किशोर मंडल एवं हाईवा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष उज्जवल तिवारी भी अपने समर्थकों के साथ विधायक श्री चटर्जी के आंदोलन में पहुंचे एवं आंदोलन का समर्थन किया.




समाचार लिखे जाने तक चारों गेट को जाम कर दिया गया है। प्रबंधन पक्ष द्वारा वार्ता का प्रयास किया जा रहा है।हालांकि वार्ता सफल नहीं हुई है। मुख्य द्वार के समक्ष विस्थापित एवं स्थानीय समिति के बैनर तले टेंट भी बनवा दिया गया है।जहां रात तक विधायक श्री चटर्जी के अलावा काफी संख्या में महिला पुरुष विस्थापित जमे हुए हैं। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निरसा थाना एवं एमपीएल आपी के अधिकारी एवं जवान मौके पर मौजूद हैं।सभी शेष विस्थापित परिवारों (पीएपी) के पात्र व्यक्तियों को तत्काल रोजगार प्रदान करने,जो विस्थापित व्यक्ति रोजगार के स्थान पर मुआवजा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें 10 लाख रुपया का मुआवजा प्रदान करने,कार्यरत सभी विस्थापित श्रमिकों को पीएपी भत्ता का लाभ तत्काल लागू करने,एक अधिकारी द्वारा कथित रूप से एमपीएल के नियमों का उल्लंघन करते हुए कार्य आवंटन में अपने पसंदीदा विक्रेताओं, ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुँचाने के संबंध में निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने,रैक अनलोडिंग कार्य से हटाए गए स्थानीय श्रमिकों को तत्काल पुनः कार्य पर रखने, इन लोगों को पिछले दो माह से उन्हें कार्य से वंचित रखा गया है, अतः उनकी शीघ्र बहाली सुनिश्चित करने, कार्यरत उन स्थानीय इलेक्ट्रिशियनों को पुनः रोजगार देने, जिन्हें हटाकर ठेकेदारों के माध्यम से बाहरी व्यक्तियों को नियुक्त किया गया है।एमपीएल संयंत्र के भीतर विभिन्न ठेकेदारों के अधीन कार्यरत पात्र संविदा श्रमिकों का नियमों के अनुसार पदोन्नति एवं एफजीडी परियोजना में स्थानांतरण करने, फ्लाई ऐश रैक लोडिंग कार्य से हटाए गए आठ स्थानीय श्रमिकों, जिनमें चार पीएपी श्रमिक शामिल करने, तत्काल पुनः नियुक्त करने तथा रैक लोडिंग कार्य में स्थानीय श्रमिकों को प्राथमिकता के आधार पर नियुक्त करने की मांग की गई।एनका ट्रांसपोर्टर द्वारा कई वर्षों से संचालन के बावजूद किसी भी स्थानीय व्यक्ति को रोजगार न दिए जाने के आरोपों को देखते हुए स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने,एमएस टेरियर सिक्योरिटी सर्विस प्रा. लि. द्वारा जारी किए गए लेटर ऑफ इंटेंट के अनुरूप बाहरी व्यक्तियों के स्थान पर स्थानीय सुरक्षा गार्डों की नियुक्ति सुनिश्चित करने,एमएसएम. पैलोनजी एंड कंपनी प्रा. लि. के अंतर्गत कार्यरत पेंटर श्रमिकों को प्रत्येक माह न्यूनतम 26 दिनों का कार्य उपलब्ध कराने, फेस रिकग्निशन सिस्टम को या तो सभी श्रमिकों पर समान रूप से और सही तरीके से लागू किया जाए अथवा इसकी वर्तमान व्यवस्था को तत्काल समाप्त वापस लेने नए श्रम संहिता के प्रावधानों के अनुसार सभी श्रमिकों को नियुक्ति पत्र जारी करने,निर्धारित नियमों एवं पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी पात्र श्रमिकों को पदोन्नति प्रदान करने, एचआर विभाग द्वारा नियमों की अनदेखी कर पक्षपातपूर्ण ढंग से पदोन्नति दिए जाने के आरोपों की जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। मौके पर किशोर मंडल, अमल मिश्रा, उज्जवल तिवारी, कामाख्या चौधरी, रणजीत तिवारी, भीम गोराई, संटू मिश्रा,बिट्टू पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

## गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के एनकाउंटर मामले की जांच में जामताड़ा पहुंची रांची से एफएसएल टीम



जामताड़ा (एजेंसी) : गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के एनकाउंटर मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार सुबह रांची की एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम जामताड़ा पहुंची।तीन सदस्य टीम गोविंदपुर-साहिबगंज हाईवे स्थित सुपायडीह गांव के समीप उस स्थान पर पहुंची, जहां पुलिस कार्रवाई के दौरान सुजीत सिन्हा का एनकाउंटर हुआ था।एफएसएल विशेषज्ञों ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू की। टीम ने मौके से आवश्यक नमूने और अन्य तकनीकी साक्ष्य एकत्र किया।सुरक्षा के मद्देनजर घटनास्थल पर पुलिस बल भी तैनात रहा।अधिकारियों के अनुसार, फॉरेंसिक जांच की रिपोर्ट के फिलहाल एफएसएल टीम निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच कार्य में जुटी हुई है।टीम ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## देश विरोधी गतिविधियों में शामिल पांच लोग गिरफ्तार



कोडरमा (एजेंसी) : स्थानीय पुलिस और जांच एजेंसियों ने सोमवार को जिले के सतगाँवा थाना क्षेत्र में छापामारी की।इस दौरान पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।टीम ने यह छापामारी थाना क्षेत्र के माधोपुर में की। यहां से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल रहने के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।अचानक हुई इस करवाई के बाद क्षेत्र में हड़कंप है। बताया जाता है की सोमवार की सुबह विशेष टीम सतगाँवा थाना क्षेत्र के माधोपुर पहुँची यहाँ से पाँच लोगों को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार आरोपियों में अरशद महफूज पिता जहांगीर आलम, जहांगीर आलम पिता स्वर्गीय जमाल, मुहम्मद सहादत पिता स्वर्गीय रहमत्त, मुहम्मद आसिफ पिता स्व जाहिद व मुहम्मद शमशेर आलम पिता मुहम्मद अमजद शामिल है।बताया जाता है की पुलिस ने जिन पाँच आरोपियों को गिरफ्तार किया है उनके सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर देश विरोधी व कट्टरपंथी विचारधारा के पोस्ट मिले हैं। लगातार देश विरोधी कट्टरपंथी पोस्ट किए जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस व जांच एजेंसियां सक्रिय हुई। हालांकि इस मामले में समाचार लिखें जाने तक पुलिस के वरीय अधिकारी कुछ भी स्पष्ट बताने से बचते रहे।

## शूटिंग चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाडियों ने 24 पदक किया अपने नाम

खूंटी (एजेंसी) : सोलहवीं झारखंड राज्य शूटिंग चैंपियनशिप में खूंटी के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 24 पदक अपने नाम कर खूंटी जिले का नाम रोशन किया। आसनसोल शूटिंग क्लब (चांदमारी) में आयोजित प्रतियोगिता में कुल 24 पदकों में 4 गोल्ड, 6 सिल्वर और 14 कांस्य पदक शामिल हैं।जिले के उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने शूटिंग के कोच अनुज कुमार समेत सभी पदक विजेता खिलाडियों को बधाई दी और आगे अन्य प्रतियोगिताओं में बेहतर करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## बोकारो में ब्राउन शुगर बेचते 50 वर्षीय तस्कर गिरफ्तार दो पुड़िया और 8,450 रुपये नकद बरामद



बोकारो (एजेंसी) : माराफारी थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए डुमरो निवासी 50 वर्षीय गनी अंसारी को ब्राउन शुगर की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है।पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी जेब में ब्राउन शुगर की पुड़िया लेकर इलाके में घूम-घूमकर बिक्री कर रहा है।सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया।छापेमारी के दौरान पुलिस ने गनी अंसारी की तलाशी ली।उसके पास से सफेद कागज में लिपटी ब्राउन शुगर की दो पुड़िया बरामद हुईं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह कुल 20 पुड़िया लेकर निकला था, जिनमें से 18 पुड़िया पहले ही बेच चुका है।बिक्री से प्राप्त 8,450 रुपये नकद भी उसकी जेब से बरामद किए गए।पुलिस ने बताया कि ब्राउन शुगर का अवैध रूप से रखना और उसकी खरीद-बिक्री करना एनडीपीएस एक्ट के तहत दंडनीय अपराध है। इस मामले में माराफारी थाना कांड संख्या 71/2026, दिनांक 2 अगस्त 2026 के तहत धारा 21(ए) एवं 22(ए) एनडीपीएस एक्ट में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है।इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) पवन कुमार ने किया। टीम में माराफारी थाना प्रभारी मुहम्मद आजाद खान, सहायक अवर निरीक्षक बबलू कुमार राम सहित थाना एवं पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय के कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

## जेपीएससी परीक्षा के कथित गड़बड़ी मामले में सीआईडी की 15 से अधिक ठिकानों पर छापेमारी, लैपटॉप व अहम दस्तावेज जब्त

रांची (एजेंसी) : झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच तेज करते हुए सीआईडी की टीम ने सोमवार को राज्यभर में 15 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई राँची, पलामू, देवघर, धनबाद, गोड्डा और रामगढ़ समेत कई जिलों में की गई।सीआईडी और पलामू पुलिस की संयुक्त टीम ने मामले के दो आरोपितों संतोष कुमार सिंह और रविशंकर कुमार के ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान लैपटॉप सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, महत्वपूर्ण दस्तावेज और अन्य साक्ष्य जब्त किए गए, जिनकी जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।सीआईडी टीम ने संतोष कुमार सिंह के मेदिनीनगर के हमीदगंज स्थित बीएन कॉलेज के पास स्थित आवास और नौडीहा बाजार स्थित पैतृक घर की तलाशी ली। वहीं, दूसरे आरोपित रविशंकर कुमार के मेदिनीनगर के बारालोटा स्थित आवास पर भी छापेमारी कर जांच से जुड़े महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए गए।

# तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर थ्री अंतर विद्यालय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न



देवघर (एजेंसी) : मदर्स इंटरनेशनल अकादमी के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर थ्री अंतर विद्यालय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का सोमवार को तीन अलग अलग वर्गों का फाइनल मैच पुरस्कार वितरण के साथ गरिमामय समापन हुआ। तीन दिनों तक चले इस प्रतिष्ठित खेल महोत्सव में बिहार एवं झारखंड के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों से आई छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, अनुशासन, साहस और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों एवं अतिथियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति से जीवंत बना रहा।समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्य के जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्राफी, पदक एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने प्रत्येक खिलाड़ी से आत्मीयता से हाथ मिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, धैर्य, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती है। हार और जीत खेल का हिस्सा है। लेकिन निरंतर प्रयास करने वाला खिलाड़ी ही आगे चलकर बड़ी सफलता प्राप्त करता है। उन्होंने सभी छात्राओं से पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मदर्स इंटरनेशनल एकेडमी के निदेशक मनोज कुमार कलबलिया, सुषमा अग्रवाल उपस्थित थे। प्रतियोगिता के अंतिम दिन विभिन्न आयु वर्गों में कई रोमांचक मुकाबले खेले गए, जिनमें खिलाड़ियों ने बेहतरीन कौशल, फुर्ती और टीम भावना का परिचय दिया।अंडर-19 वर्ग के पहले फाइनल मुकाबले में एसजीएन रामगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंट माइकल पटना को 36-23 अंकों से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में सेंट माइकल, पटना ने वापसी करते हुए विद्या मंदिर, घाटशिला को 29-18 अंकों से हराकर जीत अपने नाम की।अंडर-17 वर्ग के पहले मुकाबले में डीएवी गांधीनगर और महावीरी, सिवान के बीच बेहद संघर्षपूर्ण मैच खेला गया, जिसमें महावीरी सिवान ने 38-30 अंकों से शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में विद्या मंदिर नगरी और बुद्धा वर्ल्ड के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। जिसमें बुद्धा वर्ल्ड ने 32-26 अंकों से मुकाबला अपने नाम किया।अंडर-14 वर्ग के पहले मैच में जीडी मदर्स ने मदर्स इंटरनेशनल अकादमी मधुपुर को 28-17 अंकों से हराया। दूसरे मुकाबले में एसजीएन रामगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओपन माइंड, पटना को 31-18 अंकों से पराजित कर अपनी जीत दर्ज की।पूरे टूनामेंट का सफल एवं निष्पक्ष संचालन सीबीएसई आब्जर्वर परवीन प्रसाद की देखरेख में संपन्न हुआ। उन्होंने तीनों दिनों तक सभी मुकाबलों का सूक्ष्म निरीक्षण किया तथा प्रतियोगिता के प्रत्येक चरण को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं टेक्निकल हेड तपन रावत ने तकनीकी व्यवस्थाओं का उत्कृष्ट संचालन करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। रेफरी, तकनीकी अधिकारियों, स्कोरिंग टीम, स्वयंसेवकों एवं आयोजन समिति के समन्वित प्रयासों की सभी अतिथियों एवं टीमों ने सराहना की।तीन दिनों तक चले इस कब्बडी प्रतियोगिता में लगभग 50 टीमों के 600 से अधिक खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और टीम अधिकारियों ने भाग लिया। सभी विद्यालयों की छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपना शत-प्रतिशत प्रदर्शन किया। मदर्स इंटरनेशनल अकादमी परिवार ने सभी अतिथियों, सीबीएसई पदाधिकारियों, आब्जर्वर, तकनीकी टीम, रेफरी, प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों, अभिभावकों तथा आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी ऐसे राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजनों के माध्यम से छात्राओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलता रहेगा।

## विश्रामपुर थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा से 1030 पीस अवैध देशी शराब बरामद, 5 तस्कर गिरफ्तार



पलामू (एजेंसी) : विश्रामपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ई-रिक्शा से 1030 पीस अवैध देशी शराब बरामद की है। इस दौरान मौके से पांच तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त ई-रिक्शा को भी जब्त कर लिया है।पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली थी कि लालगढ़ रेलवे स्टेशन के समीप ई-रिक्शा के माध्यम से अवैध देशी शराब की खेप ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर विश्रामपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन को रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ई-रिक्शा से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई।इस मामले में विश्रामपुर थाना में कांड संख्या 66/2026 दर्ज किया गया है। गिरफ्तार पांचों आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 274 एवं 275 तथा झारखंड उत्पाद अधिनियम की धारा 47ए के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## उपराष्ट्रपति से मिले झारखंड के राज्यपाल

ट्रूथ पथ प्रतिनिधि

रांची : राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को नयी दिल्ली में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की।भेंट के क्रम में राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति को लोक भवन, झारखंड द्वारा प्रकाशित संवाद से विश्वास की प्रति भेंट की। जिसमें राज्यपाल के दो वर्षों के कार्यकाल की प्रमुख पहलों एवं गतिविधियों का संकलन है।

## 10 अगस्त के धरना-प्रदर्शन में सक्रिय हिस्सेदारी निभायेगा इंटक




रांची (एजेंसी) : कोल इंडिया में जेबीसीसीआइ-12 के तत्काल गठन तथा 11वें वेतन समझौते के शेष लंबित मुद्दों के शीघ्र समाधान की मांग को लेकर 10 अगस्त 2026 को कोल इंडिया एवं उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के क्षेत्रीय कार्यालयों में राष्ट्रव्यापी एकदिवसीय संयुक्त धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जायेगा।इस आंदोलन में भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (इंटक) भी पूरे कोयला उद्योग में सक्रिय रूप से भाग लेगी।इंटक (ददई) की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कोल इंडिया के अध्यक्ष को पत्र भेजकर जेबीसीसीआई-12 के तत्काल गठन की मांग की जायेगी। 11वें वेतन समझौते के शेष लंबित प्रावधानों को अविलंब लागू करने की मांग की जायेगी।बैठक में कोल इंडिया में विनिवेश, एमडीओ एवं रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल के माध्यम से किए जा रहे निजीकरण का विरोध करने किया जायेगा। ठेका मजदूरों के वेतन, सेवा शर्तों एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर संयुक्त संघर्ष को और तेज करने तथा बढ़ती औद्योगिक दुर्घटनाओं को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की भी मांग की जा रही है।इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज प्रसाद साहू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखंड इंटक अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार बालमुचू तथा राष्ट्रीय महामंत्री एनजी अरुण की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो देश की अन्य मजदूर यूनियनों से भी वार्ता की जाएगी और मजदूर हितों की रक्षा के लिए उनके साथ मिलकर व्यापक आंदोलन चलाया जायेगा।

# शिवालया प्लांट का ग्रामीणों ने किया घेराव, घंटों चला हाई वोल्टेज ड्रामा,

## भारतमाला के लिए अधिग्रहित जमीन पर किसानों ने की धान रोपनी

गुमला (एजेंसी) : गुमला के घटगांव पंचायत स्थित कटासारु गांव और लट्ठा बरटोली में भारतमाला परियोजना के लिए अधिग्रहित भूमि को लेकर चल रहा विवाद अब लगातार गहराता जा रहा है।मामला पुलिस मुख्यालय तक पहुंचने के साथ-साथ अब गांव में भी उग्र विरोध का रूप ले चुका है। तीन सौ से अधिक ग्रामीणों ने शिवालया कंपनी के प्लांट का घेराव कर ग्रामीणों पर हमला करने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया।स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गयी कि कंपनी के प्रतिनिधि दिगंबर सिंह को ग्रामीणों ने घेर लिया. मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें सुरक्षा के लिए प्लांट के एक कमरे में रखा और बाद में कड़ी सुरक्षा के बीच बाहर निकाला। ग्रामीणों का आरोप है कि बलदेव भगत, सपना देवी, पूनम लकड़ा, प्रभा केरकेट्टा तथा



शिवालया कंपनी के दिगंबर सिंह के खिलाफ थाना में लिखित रूप से कई गंभीर आरोप गये गये हैं।लेकिन अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।इसी से नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में प्लांट पहुंच गये और कार्रवाई की मांग पर अड़ गये।घंटों चले गतिरोध के बाद वरीय पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से वार्ता की।अधिकारियों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण पीछे हटे।पुलिस दिगंबर सिंह को सुरक्षा घेरे में प्लांट से बाहर ले गयी।अधिकारियों ने सभी संबंधित पक्षों को थाना बुलाकर मामले की जांच करने की बात कही।हालांकि ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे दोबारा पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) से मिलकर न्याय की मांग करेंगे।इस बीच भारत माला प्रोजेक्ट के तहत बन रही सड़क के विवादित जमीन को लेकर ग्रामीणों ने अपना विरोध सड़क पर धान रोपनी कर दर्ज कराया।ग्रामीणों ने दावा किया कि भारतमाला सड़क परियोजना के लिए अधिग्रहित की गयी जमीन पर धान की रोपनी कर यह संदेश दिया कि जब तक उनकी शिकायतों का समाधान नहीं होगा, तब तक वे अपनी जमीन पर अपना अधिकार जताते रहेंगे। इस कदम के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ गया है।ग्राम प्रधान टिपरू मुंडा द्वारा पुलिस महानिदेशक को शिकायत पत्र भेजा है। जिसमें रांची पुलिस मुख्यालय ने गुमला की पुलिस से पूरे मामले की साक्ष्य एवं दस्तावेजों सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट मांगी है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि चार जून 2026 को जमीन विवाद के दौरान हुई मारपीट तथा 16 जून को दोबारा हुए विवाद के कार्रवाई नहीं हुई।

## पीवीयूएनएल परियोजना में हाइड्रा मशीन पलटने से मजदूर की मौत, मुआवजे व नौकरी की मांग को लेकर ग्रामीणों का अल्टीमेटम

रामगढ़ (एजेंसी) : पीवीयूएनएल के निमार्णाधीन पावर प्लांट में कन्वेयर बेल्ट निर्माण कार्य के दौरान सोमवार को हाइड्रा मशीन पलट जाने से एक मजदूर की मौत हो गई।मृतक की पहचान मुकेश प्रसाद (46 वर्ष), पिता स्वर्गीय नागेश्वर साहू, निवासी बलकुदरा महडर टोला के रूप में हुई है।वह एसके सामंता कंपनी में कार्यरत था।जानकारी के अनुसार, प्लांट के अंदर प्लांट से छाई डैम तक बनाए जा रहे कन्वेयर बेल्ट पर कार्य के दौरान अचानक हाइड्रा मशीन पलट गई, जिसकी चपेट में आने से मुकेश प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया।कंपनी प्रबंधन ने उन्हें तत्काल रांची के मेडिका अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण एसके सामंता कंपनी के कार्यस्थल पर पहुंच गए।कंपनी प्रबंधन के लोग घटना के सूचना मिलते ही अपने साइड से निकल गये।

ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों के लिए मुआवजे की मांग की

ग्रामीणों ने मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये मुआवजा, पत्नी को स्थायी नौकरी, बच्चे की स्नातक तक की शिक्षा का खर्च तथा तत्काल श्राद्ध कर्म के लिए दो लाख रुपये देने की मांग की।ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें



पूरी नहीं हुईं तो मंगलवार को पीवीयूएनएल प्लांट के मुख्य गेट का चक्का जाम किया जाएगा।बैठक में आदित्य नारायण साहू, राजाराम प्रसाद, राजाराम प्रजापति, उदय अग्रवाल, मुखिया विजय मुंडा, जोगिंदर यादव, देवानंद प्रसाद साहू, सूरज सोनी, कृष्णा सोनी, संजय प्रसाद साहू, ब्रजकिशोर प्रसाद साहू, संजय यादव, दीपक साहू, विनय कुमार, संतोष, लक्ष्मी साहू, शंकर साहू, मैनेजर साहू, रोहित साहू, सरस्वती देवी, खुशबू देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। घटना को लेकर एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक के शाखा सचिव मनोज कुमार महतो ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान एसके सामंता कंपनी में कार्यरत मजदूर मुकेश प्रसाद हाइड्रा दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने पीवीयूएनएल प्रबंधन से मृतक के आश्रित को उचित मुआवजा, एक सदस्य को नौकरी तथा ईएसआईसी, पीएफ, वर्कमैन मुआवजा (डब्ल्यूसी) और बीमा पॉलिसी के तहत मिलने वाले सभी लाभ तत्काल देने की मांग की।उन्होंने आरोप लगाया कि यूनियन लगातार मजदूरों की सुरक्षा और सेफ्टी उपकरणों को लेकर प्रबंधन को पत्र लिखती रही है, लेकिन उदासीनता के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं।यदि सुरक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी।विस्थापित प्रभावित संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष आदित्य नारायण साहू ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुखद और चिंताजनक है।परियोजना में कार्यरत मजदूरों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।उन्होंने मांग की कि मृतक के परिवार को सम्मानजनक मुआवजा, आश्रित को नौकरी और बच्चों की शिक्षा की पूरी जिम्मेदारी कंपनी उठाए।साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## अभिव्यक्ति पर हमला लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार, दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई:सुखदेव भगत



लोहरदगा (एजेंसी) : प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सांसद पप्पू यादव पर हुए हमले की लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुखदेव भगत ने कड़ी निंदा की है।उन्होंने इस घटना को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताते हुए कहा कि लोकतंत्र में किसी भी प्रकार की हिंसा या डराने-धमकाने की राजनीति स्वीकार्य नहीं हो सकती।सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि आज के समय में यदि कोई व्यक्ति किसी विचार या बयान से असहमत होता है तो संवाद और लोकतांत्रिक बहस के बजाय हिंसात्मक रास्ता अपनाने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि अगर कोई अपनी बात रख रहा है और आप उससे असहमत हैं, तो इसका जवाब हिंसा नहीं हो सकता। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है और लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती विचारों के आदान-प्रदान, सहिष्णुता और असहमति के सम्मान में निहित है। किसी भी व्यक्ति को अपनी बात रखने से रोकने या हिंसा के माध्यम से चुप कराने का प्रयास लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करता है। सांसद ने केंद्र और संबंधित राज्य सरकार से इस मामले में तत्काल संज्ञान लेने तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई ही लोकतंत्र और संविधान में निहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा कर सकती है। साथ ही उन्होंने सभी राजनीतिक दलों और समाज के लोगों से लोकतांत्रिक मयार्दाओं का पालन करते हुए असहमति का जवाब संवाद और संवैधानिक तरीकों से देने की अपील की।

## संक्षिप्त खबरें

### संडेश्वरनाथ धाम में पहली सोमवारी पर 10 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक




**मंदिर में अहले सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की उमड़ पड़ा सैलाब**

**-हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान रहा संडेश्वरनाथ धाम**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : सावन माह के पहली सोमवारी को फतेहपुर प्रखंड के अतिप्राचीन, ऐतिहासिक व धार्मिक संडेश्वरनाथ धाम में 20 हजार श्रद्धालुओं ने हर-हर महादेव के जयघोष के बीच भूतल से स्वयं प्रकट भगवान भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया और भगवान शंकर की पूजा-अर्चना की। शिव भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद, सुगंधित फूल, शुद्ध वस्त्र, बिल्व पत्र, धूप, दीप, नैवेध, चंदन का लेप, ऋतुफल आदि भोलेनाथ को अर्पित किया। इसके अलावा बेलपत्र, आक धतूरे के पुष्प, चावल, तिल, चढ़ाया। संडेश्वारनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए अहले सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं की सैलाब उमड़ पड़ा। मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भर गया जो दोपहर तक बना रहा। इस दौरान मंदिर परिसर ॐ नमः शिवाय, हर-हर महादेव, बोलबम के जयघोष से गुंजायमान रहा। इसके साथ ही प्रखंड के पतालेश्वर महादेव मंदिर, मौनी बाबा शिवालय, दक्षिणी शिवालय, जयपुर शिव मंदिर, हाई स्कूल स्थित शिवालय, सिंचाई विभाग स्थित शिवालय, पहाड़पुर स्टेशन बाजार स्थित शिवालय, बड़ी देवी स्थान स्थित शिव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक व पूजा-अर्चना की। इन शिव मंदिरों में भी जलाभिषेक के लिए भक्तों की सुबह से ही भीड़ लगी रही।

### इनर व्हील क्लब में मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच में 300 मरीजों को मिला लाभ

गया जी(एजेंसी) : इनर व्हील क्लब ऑफ गया डिस्ट्रिक्ट की ओर




से मेगा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। जनसेवा और स्वास्थ्य जागरूकता को समर्पित इस शिविर में करीब 300 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। शिविर में फिजीशियन डॉ. रामसेवक सिंह, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. मधुबाला एवं डॉ. रेणु, दंत चिकित्सक डॉ. अमिताभ भदानी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निमीसा तथा डॉ. रश्मि ओझा ने अपनी सेवाएं दीं। चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान करते हुए आवश्यक दवाइयों एवं सावधानियों की जानकारी भी दी।

इस दौरान बच्चों को पढ़ाई से संबंधित सामग्री वितरित की गई। वहीं स्वास्थ्य जांच कराने पहुंचे सभी मरीजों को हॉर्लिक्स, बिस्कुट, आवश्यक दवाइयां, ओआरएस घोल, जूस एवं अन्य उपयोगी सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई गई ताकि उपचार के साथ पोषण संबंधी सहायता भी मिल सके।क्लब की अध्यक्षा आभा सिंह ने बताया कि यह स्वास्थ्य शिविर का प्रथम चरण है। आने वाले चरणों में भी अधिक से अधिक जरूरतमंद लोगों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सभी चिकित्सकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सचिव राखी भदानी, पीएस दुर्बा सहाय, पीडीसी अंजना पोद्दार, पीपी राज ढिल्लन, पीपी आभा सिंह, क्लब की एडिटर डॉली सिंह, कोषाध्यक्ष सीतल गुप्ता तथा सदस्य अनामिका, स्मिता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मियों की मांग मानें सरकार, नहीं तो 48 घंटे बाद आंदोलन करेगा स्वाभिमान पार्टी

गया जी(एजेंसी) : नगर निगम के दैनिक वेतनभोगी एवं संविदा सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल को लेकर स्वाभिमान पार्टी ने सरकार से उनकी मांगों पर तत्काल सकारात्मक निर्णय लेने की मांग की है। पार्टी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष कौशलेन्द्र नारायण ने कहा कि नियमितीकरण, ठेका एवं आउटसोर्सिंग व्यवस्था की समाप्ति, बकाया वेतन भुगतान तथा एसीपी/एमएसीपी का लाभ जैसी मांगें पूरी तरह न्यायसंगत हैं। सरकार को कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से सम्मानजनक वार्ता कर शीघ्र समाधान निकालना चाहिए।उन्होंने कहा कि सफाई कर्मी कठिन परिस्थितियों में शहर को स्वच्छ रखने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। लेकिन उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है। हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो गई है और कई स्थानों पर कचरे का अंबार लगने से आम लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने इसके लिए सरकार की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराया।कौशलेन्द्र नारायण ने चेतावनी दी कि यदि 48 घंटे के भीतर कर्मचारियों की मांगों पर ठोस पहल नहीं हुई तो स्वाभिमान पार्टी सफाई कर्मियों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन और विरोध-प्रदर्शन शुरू करेगी।

### जनसुनवाई में मंत्री श्रवण कुमार एवं सुनील कुमार ने सुनीं आमजनों की समस्याएं

पटना, (एजेंसी) : सोमवार को जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं ग्रामीण कार्य मंत्री सुनील कुमार ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा उनके विधिसम्मत निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल दूरभाष के माध्यम से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने अपने बीस वर्षों के शासनकाल में बिहार को जंगलराज के दौर से बाहर निकाला और न्याय के साथ विकास की अवधारणा को धरातल पर उतारते हुए बिहार को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया तथा सुशासन की लंबी लकीर खींची। उन्होंने कहा कि वर्ष 2005 से पहले लोग पलायन करने को विवश थे, लेकिन श्री नीतीश कुमार आशा और विश्वास के केंद्रबिंदु बनकर उभरे तथा उन्होंने बिहार को विकास और सुशासन की नई दिशा प्रदान की। सुनील कुमार ने कहा कि जनसुनवाई कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर लोग पहुंचते हैं। प्रत्येक शिकायत पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उसके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाती है। उन्होंने कहा कि माननीय श्री नीतीश कुमार के कुशल मार्गदर्शन तथा माननीय मुख्यमंत्री श्री सम्राट चैधरी के नेतृत्व में एनडीए सरकार सुशासन, विकास और जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही एनडीए सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# बांकीपुर उपचुनाव में प्रशांत किशोर की ऐतिहासिक जीत, बीजेपी को 19,324 वोटों से हराया, सीएम बदलने की उठाई मांग

पटना, (एजेंसी) : पटना जिले के बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने बड़ी राजनीतिक जीत दर्ज करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार नीरज कुमार को 19,324 मतों से पराजित कर दिया। यह जीत न केवल प्रशांत किशोर की पहली चुनावी जीत है, बल्कि उनकी पार्टी जन सुराज के चुनावी इतिहास की भी पहली जीत साबित हुई है। सोमवार को चुनाव आयोग द्वारा जारी परिणामों के अनुसार, प्रशांत किशोर को 64,151 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार को 44,827 वोट प्राप्त हुए। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की उम्मीदवार रेखा गुप्ता को 14,273 वोट मिले और वह तीसरे स्थान पर रहीं। अन्य उम्मीदवारों में प्रगतिशील जनता पार्टी के मनोरंजन कुमार श्रीवास्तव को 973, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के तनवीर आलम को 864 तथा भारतीय आम आवाम पार्टी के प्रदीप कुमार को 781 वोट मिले। निर्दलीय उम्मीदवार ब्रजेश पटेल को सबसे कम 70 वोट मिले, जबकि 645 मतदाताओं ने नोटा का विकल्प चुना।

जीत के बाद बीजेपी नेतृत्व पर साधा निशानाजीत के बाद पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि यह केवल विधायक चुनने का चुनाव नहीं, बल्कि बिहार की



जनता की ओर से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को एक स्पष्ट संदेश है। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को पर्याप्त बहुमत दिया है, इसलिए पार्टी को बिहार के नेतृत्व के लिए ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए, जो राज्य में शिक्षा, रोजगार और सुशासन सुनिश्चित कर सके। उन्होंने बिना नाम लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार को ऐसे नेतृत्व की जरूरत है, जिसकी छवि साफ हो और जो राज्य के विकास के लिए काम करे। उन्होंने कहा कि बिहार के युवाओं को रोजगार के लिए दूसरे राज्यों में पलायन न करना पड़े, इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार को गंभीर प्रयास करने चाहिए। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी प्राथमिकता ठेका-पट्टा या सत्ता का लाभ उठाना नहीं, बल्कि बिहार की बेहतरी के लिए काम करना है। उन्होंने दावा किया कि अगले दो-तीन महीनों में बांकीपुर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव दिखाई देने लगेंगे।

- जन सुराज के लिए पहली बड़ी सफलता

राजनीतिक दृष्टि से यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इससे पहले 2024 के उपचुनावों और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में जन सुराज को सफलता नहीं मिली थी। बांकीपुर उपचुनाव में मिली जीत ने पार्टी का चुनावी खाता खोल दिया है और बिहार की राजनीति में उसे नई पहचान दिलाई है।

- बीजेपी ने कहा-जनमत का सम्मान करेंगे

उधर, बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि भाजपा जनता के जनादेश का सम्मान करती है और हार की समीक्षा करेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि कम मतदान प्रतिशत पार्टी के लिए चिंता का विषय था और कहा कि भाजपा के कई समर्थक मतदान के लिए घरों से बाहर नहीं निकले। हालांकि, मंत्री ने आरोप लगाया कि राजद और जन सुराज के बीच अंदरखाने तालमेल था। उन्होंने दावा किया कि राजद नेतृत्व ने अपनी उम्मीदवार रेखा गुप्ता के साथ न्याय नहीं किया और चुनाव में उन्हें पर्याप्त समर्थन नहीं दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा भविष्य में भी अपने समर्पित कार्यकर्ताओं को टिकट देती रहेगी।

# गया अब खेल सुविधाओं का मॉडल शहर बनेगा : डा. प्रेम

### बिहार विधानसभा अध्यक्ष के पहल पर उच्चस्तरीय टीम पहुंची गया जी

गया जी (एजेंसी) : बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सोमवार को गयाजी जिला अतिथि गृह सभागार में बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक (डीजी) रविंद्र शंकरण एवं खेल विभाग के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में गया जिले में खेल अवसंरचना के व्यापक विकास एवं आधुनिक खेल सुविधाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के उपरांत डॉ. प्रेम कुमार एवं खेल विभाग की उच्चस्तरीय टीम ने जिले के विभिन्न खेल स्थलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चंदौती थाना क्षेत्र के दूर्वे में प्रस्तावित लगभग 14 एकड़ भूमि पर प्रमंडल स्तरीय आधुनिक स्पोर्ट्स अकादमी एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के निर्माण की योजना का जायजा लिया गया।



डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया को बिहार में खेल सुविधाओं का मॉडल शहर बनाने के उद्देश्य से व्यापक कार्ययोजना तैयार की जा रही है। उन्होंने बताया कि अगले 15 दिनों के भीतर पूरे प्रोजेक्ट का मास्टर प्लान तैयार कर लिया जाएगा, जिसके आधार पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रस्तावित खेल परिसर में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एथलेटिक्स ट्रैक, इनडोर एवं आउटडोर खेल मैदान, आधुनिक प्रशिक्षण केंद्र, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के लिए आवासीय सुविधा, महिला खिलाड़ियों के लिए पृथक योग केंद्र सहित सभी अत्याधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके साथ ही खिजरसराय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम निर्माण की योजना पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है।निरीक्षण के क्रम में टीम ने गया कॉलेज खेल परिसर का भी दौरा किया, जहां खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार की सहायता से आधुनिक रनिंग ट्रैक का निर्माण कराया जाएगा। साथ ही खिलाड़ियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बाउंड्री वॉल की मरम्मत एवं खेल अभ्यास के लिए आवश्यक आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके बाद टीम ने गांधी मैदान स्थित हरिहर सुब्रह्मण्यम स्टेडियम एवं वहां चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि गांधी मैदान में ओपन जिम, ग्रीन पार्क, तालाब का सौंदर्यीकरण, वॉक-वे, फाउंटेन, बच्चों के लिए प्ले एरिया तथा सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों के लिए आधुनिक इवेंट भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त नवनिर्मित तालाब को स्विमिंग पूल के रूप में विकसित करने की भी योजना है, जिससे खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय तैराकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा सके। वहीं मौके पर संयुक्त सचिव,सहायक निदेशक,भवन निर्माण विभाग जेनरल मैनेजर,जिला खेल पदाधिकारी सहित मोती करीबी,मोहन लाल शर्मा, मुकेश चंद्रवंशी,शंभू सुमन,जितेंद्र कुमार,राजनंदन गांधी,ऋषभ राज सहित अन्य मौजूद रहे।

### नावानगर गांव में डायन प्रताड़ना कांड मामले में एक आरोपी गिरफ्तार



**महिला पर डायनका आरोप लगाकर मारपीट करने का मामला, अन्य नामजद आरोपियों की तलाश तेज**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : फतेहपुर थाना क्षेत्र के नावानगर गांव में महिला को डायन बताकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

एसआई अंबुज कुमार ने बताया कि 12 मई 2026 को पीड़ित पक्ष ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया था कि वे अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद थे, तभी बिहुल मांझी अपने सहयोगियों के साथ वहां पहुंचा और उनकी मां पर डायन होने का आरोप लगाकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपियों ने उनकी मां के साथ मारपीट की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। आवेदन के आधार पर फतेहपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई थी। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी बिहुल मांझी, पिता स्वरूप मांझी, निवासी नावानगर, थाना फतेहपुर, जिला गया को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। मामले में शामिल अन्य नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### झारखंड से शराब की खेप लेकर बिहार में दाखिल होते ही दबोचा गया तस्कर



**फतेहपुर पुलिस की घेराबंदी में कार से 100 लीटर शराब बरामद, तस्कर भेजा गया जेल**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : फतेहपुर थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए झारखंड से लाई जा रही 100 लीटर शराब की खेप को जब्त कर लिया। कार्रवाई के दौरान शराब लदी कार को भी कब्जे में लिया गया तथा मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर मनोज कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के ढूब्बा गांव के पास विशेष घेराबंदी कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध कार को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें 100 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने वाहन में सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान नवादा जिले के मँझवे गांव निवासी के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि शराब की खेप किसके लिए लाई जा रही थी और इस तस्करी नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं। फतेहपुर पुलिस की इस कार्रवाई को शराब तस्करी पर प्रभावी प्रहार माना जा रहा है।

# मतपेटी से निकला नेतृत्व: गजाधरपुर विद्यालय की बाल संसद में लोकतंत्र का जीवंत अभ्यास

**प्रधानमंत्री सहित विभिन्न मंत्री पदों के लिए छात्रों ने शांतिपूर्ण मतदान कर चुने अपने प्रतिनिधि**

**नेतृत्व क्षमता, लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास की दिशा में शिक्षा विभाग की प्रभावी पहल**

फतेहपुर (गया जी)(एजेंसी) : उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय गजाधरपुर में सोमवार को लोकतंत्र का एक प्रेरक दृश्य देखने को मिला, जब छात्र-छात्राओं ने पूरी गंभीरता और उत्साह के साथ अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निदेशानुसार आयोजित बाल संसद




गठन कार्यक्रम में मतदान से लेकर मतगणना तक की पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप संपन्न कराई गई। मतदान के दौरान छात्रों में गजब का उत्साह दिखाई दिया और उन्होंने अनुशासनपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

मतगणना के बाद रेणुका कुमारी को प्रधानमंत्री, अनिशा कुमारी को शिक्षामंत्री, रविरंजन कुमार को खेलमंत्री, शिवानी कुमारी को स्वास्थ्य मंत्री तथा मुस्कान कुमारी को पर्यावरण मंत्री निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर तालियों की गूंज से भर उठा और सहपाठियों ने निर्वाचित प्रतिनिधियों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया।

प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि बाल संसद केवल एक औपचारिक गतिविधि नहीं, बल्कि छात्रों को लोकतांत्रिक व्यवस्था का व्यावहारिक अनुभव देने का सशक्त माध्यम है। इससे उनमें नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व और सामूहिक निर्णय प्रक्रिया की समझ विकसित होती है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को भविष्य में जागरूक, जिम्मेदार और सक्रिय नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करते हैं। विद्यालय परिवार ने सभी निर्वाचित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए आशा व्यक्त की कि वे छात्रहित और विद्यालय विकास से जुड़े कार्यों में सकारात्मक एवं रचनात्मक भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के सभी शिक्षकों ने सक्रिय सहयोग दिया।

# जिले में 1,357 एमटी सीएमआर चावल जमा नहीं, बकायेदार पैक्सों पर होगी कार्रवाई

**दर्जन भर पैक्स विभाग रडार पर, सत्यापन के बाद अनियमितता मिलने पर दर्ज होगी प्राथमिकी**

गया जी(एजेंसी) : खरीफ विपणन मौसम के तहत सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) जमा करने में लापरवाही बरतने वाले पैक्सों के खिलाफ सहकारिता विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिले में निर्धारित लक्ष्य 1 लाख 17 हजार 427 मीट्रिक टन के विरुद्ध अब भी 1,357 मीट्रिक टन सीएमआर चावल जमा नहीं हो सका है। इस मामले में करीब 25 पैक्स विभाग के रडार पर हैं, जिनके विरुद्ध कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी गई है।

डीएम शशांक शुभंकर के निर्देश पर टैक्स टीम के एसएफसी के जिला प्रबंधक दिग्विजय सिंह,जिला सहकारिता पदाधिकारी, डीएसओ आदि अधिकारी बकाई चावल को जमा करने के लिए लगातार प्रयासरत है। साथ ही विकारी समितियां के गोदाम का भी भौतिक सत्यापन के प्रतिक्रियाशील हो गए हैं। सहकारिता विभाग ने सभी प्रखंड सहकारिता अधिकारियों को बकायेदार पैक्सों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया है। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि धान एवं सीएमआर के स्टॉक में किसी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी न हो।पैक्स गोदामों का होगा भौतिक सत्यापन, रिकॉर्ड की होगी जांचडीसीओ के निर्देश के बाद सभी संबंधित प्रखंडों में सत्यापन अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान पैक्स गोदामों और संबद्ध राइस मिलों में उपलब्ध धान तथा सीएमआर चावल के वास्तविक स्टॉक का मिलान अभिलेखों से किया जाएगा। अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि खरीद, मिलिंग और जमा से जुड़े सभी दस्तावेजों की गहन जांच करें तथा किसी भी प्रकार की विसंगति मिलने पर विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराएं। विभाग का मानना है कि भौतिक सत्यापन से सीएमआर जमा नहीं होने के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा और दोषी संस्थाओं की जिम्मेदारी तय की जा सकेगी।

अनियमितता मिलने पर गबन का मामला होगा दर्जसहकारिता विभाग ने स्पष्ट किया है कि यदि सत्यापन के दौरान स्टॉक में कमी, रिकॉर्ड में हेरफेर अथवा सरकारी धान एवं सीएमआर के संबंध में किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित पैक्स प्रबंधन और जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध सरकारी राशि के गबन का मामला दर्ज कराया जाएगा। इसके अलावा नियमानुसार अन्य विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### छपरा इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रों का धरना-प्रदर्शन

सारण, (एजेंसी) : छपरा इंजीनियरिंग कॉलेज में रविवार को गर्ल्स हॉस्टल की अव्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर छात्र-छात्राओं ने सोमवार को प्रशासनिक भवन के समक्ष धरना दिया। आंदोलनरत छात्राओं का आरोप है कि बिना पूर्व लिखित सूचना के सिंगल ऑक्यूपेंसी वाले कमरों में दो-दो छात्राओं को शिफ्ट किया जा रहा है। यहां तक की गैर-हाजिरी में कमरे खोलकर सामान भी हटाया गया।

छात्राओं ने सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि एक पुरुष कर्मचारी बिना अनुमति हॉस्टल में आता-जाता है। प्रदर्शन के दौरान एक छात्रा की तबीयत बिगड़ने पर साथियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। छात्रों का कहना है कि विरोध करने पर प्राचार्य ने उनसे अभद्र व्यवहार किया।वहीं प्राचार्य डॉ विमल कुमार ने सभी आरोपों को तथ्यहीन बताया। उन्होंने स्पष्ट किया कि उक्त कर्मचारी ड्राइवर नहीं बल्कि इलेक्ट्रिशियन है, जो केवल तकनीकी कार्य हेतु उनकी मौजूदगी में ही हॉस्टल में प्रवेश करता है।

### फेसबुक पोस्ट के विवाद में मंदिर परिसर में चलीं तीन राउंड गोलियां, युवक ने लगाया फायरिंग का आरोप

**बाबाधाम यात्रा के दौरान हुई महिला की मौत पर सोशल मीडिया टिप्पणी से भड़का विवाद**

फतेहपुर (गया जी) (एजेंसी) : फतेहपुर थाना क्षेत्र के बरसिमा गांव में सोशल मीडिया पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर सोमवार को तनावपूर्ण स्थिति उत्पन्न हो गई। निमादोहर गांव निवासी कपिलदेव यादव ने फतेहपुर थाने में आवेदन देकर बरसिमा गांव निवासी रूपेश कुमार पर गाली-गलौज, जान से मारने की धमकी तथा अवैध हथियार से तीन राउंड फायरिंग करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया गया है। पुलिस को दिए आवेदन में अनुसार, शुक्रवार को कपिलदेव यादव गांव के अन्य लोगों के साथ बाबाधाम यात्रा पर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक महिला श्रद्धालु की तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान कटोरिया रेफरल अस्पताल में उसकी मौत हो गई। इसके बाद सभी श्रद्धालु वापस लौट आए और महिला का अंतिम संस्कार किया गया।कपिलदेव यादव का आरोप है कि रविवार को रूपेश कुमार ने इस घटना को लेकर फेसबुक और व्हाट्सएप समूहों में आपत्तिजनक टिप्पणी की। सोमवार सुबह करीब आठ बजे वह अपने गांव के लोगों के साथ बरसिमा गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में इस संबंध में पूछताछ करने पहुंचे। इसी दौरान कहासुनी बढ़ गई और आरोपित ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वह घर से अवैध हथियार लाकर तीन राउंड फायरिंग की।घटना की सूचना तत्काल डायल 112 पर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और प्रारंभिक जांच के बाद पीड़ित को लिखित आवेदन देने की सलाह दी। आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपित के विरुद्ध पूर्व से भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हो गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## संपादकीय

### सदन के संचालन में अध्यक्ष की भूमिका? लोकतंत्र की कसौटी पर संसद

भारतीय संसद केवल कानून बनाने की संस्था नहीं है, बल्कि लोकतंत्र का वह मंच है जहां सरकार जनता के प्रति जवाबदेह बनती है, विपक्ष सरकार से प्रश्न पूछता है और देश के विभिन्न क्षेत्रों की समस्याएं राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनती हैं। ऐसे में संसद के संचालन में लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संसदीय व्यवस्था में यह पद केवल कार्यवाही संचालित करने का नहीं, बल्कि सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में लोकतांत्रिक संतुलन बनाए रखने का दायित्व भी है। यही कारण है कि अध्यक्ष से निष्पक्षता, धैर्य और संसदीय परंपराओं के संरक्षण की अपेक्षा की जाती है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के सभी सांसदों के लिए अध्यक्ष एक पिता की भूमिका में होते हैं। हाल के वर्षों में संसद के कामकाज को लेकर कई गंभीर प्रश्न उठे हैं। इनमें सबसे प्रमुख है कि क्या संसद में पक्ष और विपक्ष को समान अवसर मिल रहा है? क्या सांसद अपने निर्वाचन क्षेत्रों की समस्याएं प्रभावी ढंग से उठा पा रहे हैं? क्या विधेयकों पर पर्याप्त चर्चा हो रही है? संसद के सत्र इतने छोटे क्यों होते जा रहे हैं? प्रश्नकाल, शून्यकाल और अन्य संसदीय प्रक्रियाएं प्रभावित क्यों हो रही हैं? इन प्रश्नों के उत्तर लोकतंत्र की गुणवत्ता तय करते हैं।

सरकार का तर्क है, विपक्ष बार-बार हंगामा करता है। सदन की कार्यवाही बाधित करता है। जिससे महत्वपूर्ण विधायी कार्य प्रभावित होते हैं। दूसरी ओर विपक्ष का आरोप है कि सरकार महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचती है, स्थगन प्रस्ताव और काम रोको प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाते हैं। विधेयकों को जिस तरह से पेश किया जाना चाहिए और उन पर चर्चा करनी चाहिए वह न होकर पर्याप्त बहस के बिना विधेयक पारित कराया जाता है। दोनों पक्ष अपने-अपने तर्क देते हैं, ऐसे समय में अध्यक्ष की भूमिका निर्णायक होती है। अध्यक्ष का दायित्व केवल नियम लागू करना नहीं, बल्कि संवाद स्थापित कर गतिरोध समाप्त करने का प्रयास करना भी है। भारतीय संसदीय इतिहास में अनेक अध्यक्ष ऐसे रहे हैं, जिन्होंने सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच विश्वास का वातावरण बनाया। जब भी सदन में गतिरोध होता था, वे दोनों पक्षों के नेताओं से चर्चा कर सहमति का रास्ता निकालने का प्रयास करते थे। इससे संसद की कार्यवाही भी चलती थी और लोकतांत्रिक संवाद भी बना रहता था। आज संवाद की यह परंपरा कमजोर हुई है। यदि यह धारणा मजबूत होती है कि आसंदी किसी एक पक्ष के अधिक निकट है। संसद की निष्पक्षता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। चाहे यह धारणा सही हो या गलत, लोकतंत्र में संस्थाओं पर जनता का विश्वास बनाए रखना सबसे बड़ी आवश्यकता है।

यदि एक बड़ा कदम उठाने की आवश्यकता है तो डरे नहीं, आप गहरी खाई को दो चोटी छलांग लगाकर पार नहीं कर सकते।
: डेविड लाइड जॉर्ज

अगर आप सफल होना चाहते है, तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने की बजाएं नए रास्ते बनाने चाहिए।
: जॉन डी. राकेफेलर

# प्रकृति-पुरुष का शाश्वत संतुलन और श्रावण मंगल

सनातन वैदिक वांग्मय में सृष्टि की उत्पत्ति, स्थिति और लय का मूल आधार शिव और शक्ति का एकात्म भाव है। आनंदलहरी 1 में किये गये उद्घोष- ह्लशिवः शक्त्या युक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्ह्व से स्पष्ट है कि शक्ति के अभाव में शिव भी क्रियाहीन हैं। कालपुरुष के चक्र में चातुर्मास्य के प्रथम मास श्रावण के सोमवार जहां देवाधिदेव महादेव की आराधना को समर्पित हैं, वहीं इस मास के प्रत्येक मंगलवार (मंगला गौरी व्रत) साक्षात आदिमाया भगवती मंगला गौरी की तांत्रिक, पौराणिक एवं आध्यात्मिक साधना के संधिकाल हैं। मंगला गौरी शब्द केवल एक नाम नहीं, अपितु ब्रह्मांडीय ऊर्जा के दो विशिष्ट रूपों का गणितीय और आध्यात्मिक समन्वय है। मंगला का अर्थ है- जो अमंगल का नाश करे और सर्वविध कल्याण (मंगलयन) का विस्तार करे। तंत्र शास्त्र के अनुसार यह दस महाविद्याओं में से भुवनेश्वरी और षोडशी का संयुक्त सौम्य रूप है। ज्योतिषीय दृष्टि से मंगल ऊर्जा, रक्त, और भूमि का कारक है। भगवती का यह रूप भौम (मंगल) जनित दोषों का शमन करता है।

गौरी शब्द में गौ का अर्थ है- प्रकाश, ज्ञान, और किरणें। जो पूर्णतः प्रकाशमान है, जिसमें अज्ञान का अंधकार तनिक भी नहीं है, वह गौरी है। शब्दकल्पद्रुम के अनुसार अष्टवर्षीय कन्या को गौरी कहा जाता है, जो पवित्रता और अक्षुण्ण ऊर्जा की पराकाष्ठा है।

सांख्य दर्शन के अनुसार श्रावण का मंगलवार मूल प्रकृति के जागृत होने का प्रतीक है। पुरुष (शिव) अचल हैं, और प्रकृति (गौरी) गतिमान हैं। श्रावण मास में जब संपूर्ण धरा हरित स्वरूप धारण करती है, तब प्रकृति अपने पूर्ण यौवन और उत्पादक क्षमता में होती है। अतः इस काल में मंगला गौरी की पूजा वास्तव में ब्रह्मांड की सृजनात्मक ऊर्जा की अभ्यर्थना है।

मंगला गौरी व्रत के बारे में भविष्य पुराण (उत्तर पर्व), स्कन्द पुराण(काशी खण्ड) व कमलाकरभट्ट कृत निर्णयसिन्धु में इस व्रत का विशद वर्णन अंकित है। भविष्य पुराण के उत्तर पर्व में भगवान कृष्ण और महाराज युधिष्ठिर के संवाद के माध्यम से इस व्रत का सूक्ष्मतम विवरण प्राप्त होता है। इसके अनुसार, सुधन्वा नामक एक धार्मिक राजा की पुत्री ने इस व्रत के प्रभाव से अपने मृतप्राय पति को पुनः प्राप्त किया था। ग्रंथ स्पष्ट करता है-

श्रावणे मङ्गले वारे मङ्गलागौरीपूजनम्।
नारीणां सर्वसौभाग्यदायकं व्रतमुत्तमम्।।

अर्थात- श्रावण मास के मंगलवार को किया जाने वाला मंगला गौरी का पूजन नारियों के लिए सर्वविध सौभाग्य, वैधव्य-दोष निवारण और संतति सुख देने वाला सर्वोत्तम अनुष्ठान है।स्कन्द पुराण के काशी खण्ड के अंतर्गत मंगला गौरी के विग्रह की स्थापना और उनकी महिमा का वर्णन है। काशी में प्रतिष्ठित नौ गौरी पीठों में मंगला गौरी पीठ अत्यंत जाज्वल्यमान माना गया है। महामुनि अगस्त्य के अनुसार, जो स्त्री श्रावण के मंगलवार को इस पीठ का या अपने गृह में निर्मित वेदी का पूजन करती है, उसके कुल में कभी दारिद्य और अकाल मृत्यु का प्रवेश नहीं होता।

मध्यकालीन धर्मशास्त्र के मूर्धन्य विद्वान कमलाकर भट्ट ने अपने ग्रंथ निर्णयसिन्धु के द्वितीय परिच्छेद (श्रावण मास चर्या) में स्पष्ट किया है कि नवविवाहित स्त्रियों के लिए विवाह के प्रथम वर्ष से लेकर पांच वर्षों तक इस व्रत को करना अनिवार्य है। चतुर्वर्गचिन्तामणि के व्रतखण्ड में इसे अक्षय सौभाग्य व्रत की संज्ञा दी गई है।

वैदिक मनीषियों ने किसी भी व्रत को अंधश्रद्धा के वशीभूत होकर नहीं गढ़ा। इसके पीछे सुदृढ़ खगोलीय और ऋतुवैज्ञानिक कारण क्रियाशील हैं। ज्योतिषीय और वैज्ञानिक दृष्टि से, मंगल ग्रह को लोहितांग (लाल रंग का पिंड) कहा जाता है, जो मानव शरीर में रक्त, मज्जा और हीमोग्लोबिन का नियंत्रण करता है। स्त्रियों के शारीरिक चक्र और प्रजनन क्षमता का सीधा संबंध चंद्रमा और मंगल की रश्मियों से है। श्रावण मास में पृथ्वी सूर्य के दक्षिणायन मार्ग पर होती है, जिससे पृथ्वी पर सौर-ऊर्जा का प्रभाव विशिष्ट कोण पर पड़ता है। इस ऋतु में वात और पित्त का संतुलन बिगड़ता है। मंगलवार के दिन उपवास रखने से शरीर में पित्त की अधिकता नियंत्रित होती है, रक्त शुद्ध होता है और अंतःस्त्रावी ग्रंथियां संतुलित रूप से कार्य करती हैं।

प्राचीन काल में इस व्रत को नवविवाहित स्त्रियों के लिए अनिवार्य करने का एक उद्देश्य श्रेष्ठ संतति विज्ञान भी था। उपवास और मानसिक सात्विकता के माध्यम से गर्भाशय की शुद्धि होती है, जिससे आने वाली पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ पैदा होती है। मंगला गौरी व्रत की पूजा पद्धति में प्रयुक्त होने वाली सामग्री और क्रियाएं साक्षात श्रीविद्या और तंत्र विज्ञान के सिद्धांतों पर आधारित हैं। इस व्रत में प्रत्येक वस्तु की संख्या सोलह (16) रखने का शास्त्रीय विधान है, जैसे 16 दीपक, 16 करवे, 16 पत्तियां, 16 प्रकार के अन्न आदि। तंत्र शास्त्र में सोलह की संख्या का अत्यधिक महत्व है, जैसे -षोडशी कला, श्रीविद्या षोडशी, षोडश संस्कार। चंद्रमा की सोलह कलाएं होती हैं। यह व्रत मन और शरीर को पूर्णता (पूर्ण चंद्रत्व) की ओर ले जाता है। देवी का एक रूप षोडशी (त्रिपुरसुंदरी) है, जो साक्षात ब्रह्मांडीय चेतना है। मानव जीवन के 16 संस्कारों के शुद्धिकरण का यह एक प्रतीकात्मक अनुष्ठान है।

मंगला गौरी की आरती में मिट्टी के स्थान पर आटे के निर्मित 16 दीपकों का प्रयोग होता है, जिसमें गाय के शुद्ध घृत का उपयोग किया जाता है। जलते हुए आटे और घी का धुआं वातावरण में उपस्थित हानिकारक जीवाणुओं, जो वर्षा ऋतु में अत्यधिक सक्रिय होते हैं, का नाश करता है और ओजोन स्तर के समतुल्य शुद्ध वायु का निर्माण करता है।

श्रावण के मंगला गौरी व्रत का सामाजिक पक्ष अत्यंत प्रगतिशील और स्त्री केंद्रित है। प्राचीन काल में, जहां स्त्रियों के सामाजिक विमर्श सीमित थे, यह व्रत सामूहिक चेतना का माध्यम बनता था। इस व्रत के अंतर्गत नवविवाहिताएं एक स्थान पर एकत्रित होकर कथा श्रवण करती हैं और परस्पर अनुभव साझा करती हैं। यह मात्र धार्मिक कृत्य नहीं, अपितु स्त्रियों का एक ऐसा मंच है जहां मानसिक तनाव का अवसाद शमन होता है। सामूहिक रूप से श्रम और कला, जैसे अल्पना, मांडना, मेंहदी का आदान-प्रदान होता है। परिवार और समाज में स्त्री की महत्ता को सौभाग्य और सृजन के केंद्र के रूप में पुनर्स्थापित किया जाता है। इस प्रकार सिद्धप्राय है कि मंगला गौरी व्रत केवल एक रूढ़िवादी या पौराणिक कथा पर आश्रित लोक-परंपरा नहीं है। यह खगोल विज्ञान, मानव जीवविज्ञान, आयुर्वेद और तंत्र शास्त्र के सिद्धांतों पर निर्मित एक सुदृढ़ व्यवस्था है। यह व्रत आधुनिक समाज को यह संदेश देता है कि संसार का अस्तित्व केवल पुरुष सत्ता से नहीं, बल्कि प्रकृति और स्त्री शक्ति के सम्मान और संरक्षण से ही सुरक्षित रह सकता है। यही इस व्रत का शाश्वत सत्य है।

सनातन तंत्र विज्ञान का परम सिद्धांत है- यत पिण्डे तत ब्रह्माण्डे अर्थात जो कुछ इस स्थूल ब्रह्मांड में व्याप्त है, वही सूक्ष्म रूप में मानव शरीर के भीतर भी विद्यमान है। मानव शरीर में स्थित सात चक्र ऊर्जा के वे कूट केंद्र हैं, जो ब्रह्मांड के विशिष्ट आकाशीय पिंडों और ग्रहों की रश्मियों को संधारित करते हैं। कुंडलिनी तंत्र में मूलाधार से ऊपर स्थित द्वितीय केंद्र स्वाधिष्ठान चक्र का अंतरिक्ष के लोहितांग मंगल ग्रह के साथ एक अत्यंत गहरा, वैज्ञानिक और तांत्रिक अंतसंबंध है। स्वाधिष्ठान चक्र रीढ़ के निचले हिस्से में प्रतिष्ठित छह पंखुड़ियों वाला चक्र है। इसका मूल बीज मंत्र वं है। यह चक्र मनुष्य की कामुकता, सृजनशीलता, भावुकता और इच्छाशक्ति का केंद्र है। ज्योतिष और खगोल विज्ञान में मंगल को अंगारक या भौम कहा गया है। यह अग्नि, रक्त, पराक्रम, साहस, उत्तेजना और शारीरिक बल का कारक है। यद्यपि स्वाधिष्ठान चक्र का मुख्य तत्त्व जल है, किंतु इसकी प्रेरक शक्ति पूर्णतः अग्नि (मंगल) से संचालित होती है। तंत्र के अनुसार, जल के भीतर एक अंतर्निहित ऊष्मा होती है, जिसे बड़वाग्नि कहा जाता है। बिना इस ऊष्मा के जल निष्क्रिय रहता है। मंगल की यही अग्नि ऊर्जा स्वाधिष्ठान के जल तत्त्व को गतिमान और सृजनोन्मुख बनाती है। मानव शरीर विज्ञान के धरातल पर स्वाधिष्ठान चक्र सीधे तौर पर जनन ग्रंथियों और एड्रिनल ग्रंथि को नियंत्रित करता है। चिकित्सा विज्ञान के अनुसार संकट या उत्तेजना के समय शरीर में एड्रिनलीन नामक हार्मोन का स्राव होता है, जो हृदय की गति और रक्त संचार को तीव्र कर देता है। ज्योतिषीय सिद्धांतों में रक्त और मज्जा का स्वामी साक्षात मंगल है। जब अंतरिक्ष में मंगल की रश्मियां प्रखर होती हैं, तब मानव शरीर के भीतर स्वाधिष्ठान चक्र सक्रिय होता है। यदि यह चक्र असंतुलित हो, तो मनुष्य अत्यधिक क्रोधी, हिंसक या अत्यधिक कामुक हो जाता है, जो कि मंगल के नकारात्मक प्रभाव (क्रूर मंगल) के हूबहू समान हैं।

कुंडलिनी साधना में स्वाधिष्ठान चक्र को पार करना सबसे कठिन माना गया है, क्योंकि यहाँ साधक अपनी दमित इच्छाओं, वासनाओं और भय के दलदल में फंस जाता है। यहीं पर मंगल की इच्छाशक्ति और साहस की आवश्यकता होती है। मंगल को देवताओं का सेनापति (कार्तिकेय) माना गया है, जो ब्रह्मचर्य और शक्ति का प्रतीक हैं। जब साधक स्वाधिष्ठान चक्र पर ध्यान केंद्रित करता है, तो मंगल की अग्नि शक्ति उस चक्र के जलीय तत्त्व (वासना) को तपाकर वाष्प (आध्यात्मिक ओज) में बदल देती है। इस प्रक्रिया को तंत्र में ऊर्ध्वरेतस होना कहते हैं। इसके बिना कुंडलिनी का अनाहत या सहस्त्रार चक्र तक पहुंचना असंभव है। स्पष्ट है कि मंगल ग्रह कोई सुदूर अंतरिक्ष में तैरता हुआ केवल एक निर्जीव पाषाण पिंड नहीं है, बल्कि वह मानव के अंतःकरण में स्थित स्वाधिष्ठान चक्र की संवेगात्मक ऊर्जा का समष्टि रूप है। श्रावण मास में जब माता मंगला गौरी (मंगल की अधिष्ठात्री देवी) की पूजा की जाती है, तब वास्तव में हम अपने शरीर के भीतर के स्वाधिष्ठान चक्र को ही परिमार्जित कर रहे होते हैं। जब स्वाधिष्ठान चक्र मंगल की सात्विक ऊर्जा से संचरित होता है, तब मनुष्य में वासना का विनाश होता है और अदम्य साहस, कलात्मक सृजनशीलता तथा आत्मिक बल का उदय होता है। यही पिंड और ब्रह्मांड का वह परम एकात्म बोध है, जिसे हमारे प्राचीन ऋषियों ने अनुभूत किया था।

अशोक प्रवृद्ध

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

# एक कलाकार से कहीं बड़ा बन गया एक नाम : किशोर कुमार

समय बहुत कुछ छीन लेता है, लेकिन कुछ स्वर उसकी पकड़ से बाहर रह जाते हैं। वे उम्र नहीं गिनते, पीढ़ियाँ जोड़ते हैं। जब भी वे सुनाई देते हैं, मन के बंद दरवाजे बिना आहट खुलने लगते हैं। किशोर कुमार उसी विरल परंपरा के कलाकार हैं। 4 अगस्त 1929 को खंडवा में जन्मे आभास कुमार गांगुली ने संगीत को केवल मनोरंजन नहीं रहने दिया; उसे मनुष्य की निजी स्मृतियों का सबसे विश्वसनीय साथी बना दिया। उनकी जयंती इसलिए याद रहती है क्योंकि यह उस आवाज का दिन है जिसने हँसी को भी सुर दिया और पीड़ा को भी गरिमा। उनके स्वर में जीवन के लगभग सभी रंग बसते थे। इसलिए उनका हर गीत सुनते ही बीता हुआ समय अनायास वर्तमान में लौट आता है।

बड़े कलाकार जन्म से नहीं, साधना से पहचान पाते हैं। खंडवा के आभास कुमार गांगुली की यात्रा भी ऐसी ही थी। पिता कुंजीलाल गांगुली वकील थे, बड़े भाई अशोक कुमार सिनेमा में स्थापित। उनके बुलावे पर वे मुंबई पहुँचे। 'शिकारी' से अभिनय शुरू हुआ, पर मन गायकी में रमा। संगीत की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं मिली; सुनना, आत्मसात करना और स्वर देना ही उनकी साधना थी। आरंभ में के.एल. सहगल का प्रभाव रहा, लेकिन जल्द ही उन्होंने अपनी अलग पहचान बना ली। 'ज़िद्दी' का 'मरने की दुआएँ क्यों माँगूँ' पहली बड़ी पहचान बना। फिर 1969 में 'आराधना' ने इतिहास रच दिया। 'मेरे सपनों की रानी' और 'रूप तेरा मस्ताना' ने सिद्ध किया कि कई बार नायक से पहले उसकी आवाज लोगों के दिलों पर राज करती है।

जब कोई कलाकार भावनाओं की भाषा बन जाता है, तब उसके गीत समय की सीमा नहीं मानते। किशोर कुमार के लिए सत्तर का दशक ऐसा ही स्वर्णकाल था। 'चिंगारी कोई भड़के' में विरह की आँच है, 'ये शाम मस्तानी' में जीवन की खुली मुस्कान, 'ये जो चिलमन है' में चंचल शरारत और 'ज़िंदगी के सफर में' में समय का निर्विकार सत्य। 'मेरे सामने वाली खिड़की में' यह साबित करता है कि हँसी भी उतनी ही गहरी कलात्मक अभिव्यक्ति हो सकती है जितनी करुणा। लगभग सत्ताईस सौ गीतों का उनका संसार केवल उपलब्धि नहीं, भारतीय संवेदनाओं का जीवित अभिलेख है। प्रेम, पीड़ा, मस्ती, दर्शन, आशा और निराशा–मानवीय अनुभव का शायद ही कोई रंग हो जिसे उनकी आवाज ने स्पर्श न किया हो।बहुत कम आवाजें चेहरों नहीं, व्यक्तित्वों की पहचान बनती हैं। किशोर कुमार का स्वर किसी एक नायक तक सीमित नहीं रहा। राजेश खन्ना की रोमानी आभा, अमिताभ बच्चन का तेज, देव आनंद की चपलता और धर्मेंद्र की देसी सहजता–हर रूप में सहज ढल गया। आर.डी. बर्मन के साथ उनकी जुगलबंदी ने हिंदी फिल्म संगीत को नई ऊँचाइयाँ दीं। 'दम मारो दम', 'जाने जाँ ढूँढ़ता फिर रहा' और 'चुरा लिया है तुमने' ने युवाओं की धड़कनों को नई लय दी। एस.डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और कल्याणजी-आनंदजी के साथ उन्होंने अनगिनत कालजयी गीत रचे। 'हमें तुमसे प्यार कितना', 'हाय रे वो दिन क्यों न आए' और 'खाइके पान बनारस वाला' बताते हैं कि उनकी आवाज हर भाव की स्वाभाविक अभिव्यक्ति थी।

कुछ लोग अपनी कला से पहचाने जाते हैं, कुछ अपनी कला की सीमाएँ तोड़कर। किशोर कुमार दूसरी श्रेणी के कलाकार थे। गायकी उनकी पहचान अवश्य बनी, पर अभिनेता, संगीतकार, गीतकार और फिल्मकार के रूप में भी उन्होंने 'झुमरू', 'दूर गगन की छाँव में' और 'दूर का राही' जैसी फिल्मों से गहरी मानवीय संवेदनाओं को अभिव्यक्ति दी। 'दूर गगन की छाँव में' आज भी एक सैनिक के मन की सबसे मार्मिक सिनेमाई अभिव्यक्तियों में गिनी जाती है। कला के सम्मान पर समझौता उन्हें स्वीकार नहीं था। पारिश्रमिक न मिलने पर आधा मेकअप लगाकर सेट पर पहुँचना या आधा गीत छोड़ देना इसी स्वाभिमान की मिसाल था।

हर मधुर स्वर अपने हिस्से की खामोशी भी ढोता है। किशोर कुमार का जीवन भी इससे अछूता नहीं रहा। रुमा गुहा ठाकुरता, मधुबाला, योगिता बाली और लीना चंदावरकर के साथ उनके चार विवाह हुए, पर मधुबाला का साथ हिंदी सिनेमा की सबसे मार्मिक प्रेमकथाओं में गिना जाता है। उनकी बीमारी और असमय निधन ने किशोर कुमार को भीतर तक बदल दिया। उस दर्द की प्रतिध्वनि उनके अनेक दर्दभरे गीतों में महसूस होती है। 13 अक्टूबर 1987 को मात्र अट्ठावन वर्ष की आयु में हृदयाघात ने उनकी जीवन-यात्रा थाम दी। अंतिम इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर खंडवा लाया गया। वे लौट तो अपनी जन्मभूमि आए, पर भारतीय संगीत में जो सन्नाटा छोड़ गए, वह आज भी वैसा ही गूँजता है।लोकप्रियता समय के साथ धुंधली पड़ सकती है, लेकिन सच्ची कला हर दौर की कसौटी पर और अधिक उजली होकर लौटती है। किशोर कुमार की आवाज इसका जीवंत प्रमाण है। 'जीवन के सफर में राही' आज भी आगे बढ़ने का विश्वास जगाता है, जबकि 'कुछ तो लोग कहेंगे' समाज की रूढ़ मानसिकता पर आज भी उतनी ही पैनी चोट करता है। यही उनकी कला की सबसे बड़ी विजय है कि उनके गीत मनोरंजन की सीमाएँ लाँघकर जीवन-दृष्टि का हिस्सा बन गए। इसलिए उनकी आवाज हर पीढ़ी में नए अर्थ, नई आत्मीयता और नई प्रासंगिकता के साथ सुनाई देती है।

समय अंततः उसी कला के आगे ठहरता है, जिसमें मनुष्य अपने जीवन का अक्स पहचान ले। किशोर कुमार की विरासत इसी सत्य की साक्षी है। खंडवा से निकला उनका स्वर अमरता तक इसलिए पहुँचा क्योंकि उसमें बनावट नहीं, सच्चाई थी; प्रदर्शन नहीं, संवेदना थी। उन्होंने सिद्ध किया कि सच्ची कला हर दौर में नए अर्थों के साथ जीवित रहती है। जब तक किसी उत्सव में उनके गीत मुस्कान बनकर गूँजेंगे, किसी अकेले मन को उनका स्वर संबल देगा, किसी प्रेम में उनकी धुन धड़केगी और जीवन की राह पर कोई मुसाफिर उन्हें गुनगुनाएगा, तब तक किशोर दा स्मृति नहीं, भारतीय जनमानस की जीवित धड़कन बने रहेंगे।

कृति आरके जैन

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सूडोकु नवताल- 7593

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | | | 3 | |
| | | 6 | | 2 | | 4 | | |
| | | 8 | | | 5 | | | |
| | 3 | | | | | | 7 | |
| 7 | | | | 4 | | | | 9 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| | | | 2 | | | 1 | | |
| | | 1 | | 7 | | 6 | | |
| | 5 | | | | 3 | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore


- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7592 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 7 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 1 | 6 | 3 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 5 | 3 | 2 | 8 | 4 | 9 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 | 5 | 8 |
| 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 7 | 5 | 6 | 1 | 3 | 8 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 1 | 7 | 6 |
| 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## दैनिक पंचांग

4 अगस्त को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | कर्क में |
| चंद्र | मीन में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | कर्क में |
| शुक्र | कन्या में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| सिंह | 06.32 बजे से |
| कन्या | 08.44 बजे से |
| तुला | 10.55 बजे से |
| वृश्चिक | 13.09 ब.से |
| धनु | 15.25 बजे से |
| मकर | 17.31 बजे से |
| कुंभ | 19.17 बजे से |
| मीन | 20.50 बजे से |
| मेष | 22.20 बजे से |
| वृष | 00.01 बजे से |
| मिथुन | 01.59 बजे से |
| कर्क | 04.12 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 216 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** षष्ठी 22.04 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रेवती 21.54 बजे को समाप्त। **योग** धृति 19.34 बजे को समाप्त। **करण** गर 10.33 बजे तदनन्तर वणिज 22.04 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 20.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 17' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872791 **जूलियन दिन** 2461256.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1448 **महीना** सफर **तारीख** 20 **विशेष** मंगला गौरी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक |

| रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|
| काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# मैम, मुझे आपके बाल बहुत पसंद हैं.. और सब कुछ बदल गया

कुछ फैसले दिमाग में नहीं, मनुष्यता की भीगी तहों में जन्म लेते हैं। वे तर्क से नहीं, अनदेखे दर्द की प्रतिध्वनि से आकार लेते हैं और फिर एक जीवन नहीं, असंख्य संवेदनाओं का अर्थ बदल देते हैं। ऐसा ही एक क्षण मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा की अधिकारी और वर्तमान में सिंगरौली नगर निगम की आयुक्त (कमिश्नर) सविता प्रधान के जीवन में आया। सोशल मीडिया पर अंतिम चरण से जूझ रही एक बच्ची की सहज पंक्ति–ह्लमैम, मुझे आपके बाल बहुत पसंद हैंह्व–इन सात शब्दों ने वर्षों से बंद स्मृतियों के द्वार खोल दिए। उनकी माँ तीन बार कैंसर से लड़ी थीं। कीमोथेरेपी के बाद सिर का सूनापन, आईने में अपरिचित चेहरा और भीतर चुपचाप दरकता आत्मसम्मान–यह सब उनके लिए सुनी नहीं, जी हुई सच्चाइयाँ थीं। इसलिए वह वाक्य प्रशंसा नहीं, पीड़ा की मौन पुकार था, जिसने पहले उनके अंतर्मन को भिगो दिया।

मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान वह नहीं होती, जिसे वह अपने पास रखता है; वह होती है, जिसे वह बिना हिचक किसी और के लिए छोड़ देता है। दो दिन बाद जब सविता प्रधान के लंबे बाल जमीन पर गिरे, तब केवल केश नहीं कटे, बाहरी सौंदर्य का अदृश्य मुकुट भी उतर गया। उन्हीं बालों से बनी विग उस बच्ची तक पहुँची, जिसके लिए आईना अब तक बीमारी का दूसरा नाम था। सविता प्रधान ने सार्वजनिक रूप से लिखा कि असली सुंदरता बालों, आभूषणों या बाहरी आडंबर में नहीं, आत्मविश्वास में बसती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे बिना झिझक इसी रूप में कार्यालय जाएँगी। उस दिन उनका साफ माथा केवल व्यक्तिगत निर्णय नहीं रहा; वह पूरे शहर के सामने मौन संदेश बन गया, जिसने बता दिया कि स्वेच्छा से किया गया त्याग उपदेश नहीं, प्रेरणा बन जाता है।

जीवन की सबसे अनमोल पूँजी सुख नहीं, वह पीड़ा है जो मनुष्य को दूसरों के आँसू पढ़ना सिखा देती है। सविता प्रधान की यात्रा सहज नहीं थी। बाल विवाह की अँधेरी गलियों से निकलकर उन्होंने घरेलू हिंसा की यातनाएँ झेली थीं। जीवन ने उन्हें बार-बार गिराया, पर हर बार वे अधिक दृढ़ होकर उठीं। मध्य प्रदेश प्रशासनिक सेवा तक पहुँचना केवल प्रतियोगी परीक्षा में सफलता नहीं था; वह टूटे आत्मविश्वास के पुनर्जन्म का इतिहास था। शायद इसी कारण वे समझ सकीं कि रोशनी का अर्थ केवल स्वयं प्रकाशित होना नहीं, बल्कि किसी और के अँधेरे में अपनी लौ पहुँचा देना भी है। तभी एक बच्ची की पीड़ा उन्हें अपनी पीड़ा से अलग नहीं लगी; वही साझा दर्द करुणा बनकर उनके निर्णय में उतर आया।

समाज की सबसे बड़ी विडंबना यह नहीं कि लोग बुराई पर विश्वास कर लेते हैं; विडंबना यह है कि उन्हें अच्छाई पर भरोसा नहीं होता। सविता प्रधान का बदला हुआ रूप सामने आते ही सवाल उठने लगे–क्या परिवार में कोई शोक हुआ है? क्या कोई निजी संकट है? क्या इसके पीछे कोई छिपा कारण है? उन्होंने सहजता से कहा कि सब कुछ कुशल-मंगल है और यह कदम पूरी तरह उनकी अपनी इच्छा का है। उनका उत्तर केवल अफवाहों का खंडन नहीं था; उसने उस सोच को भी बेनकाब कर दिया, जो हर सद्भावना में स्वार्थ तलाशती है। उन्होंने शब्दों से नहीं, अपने आचरण से सिद्ध किया कि करुणा को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती।

हर दिन दफ्तरों के दरवाजे खुलते हैं, लेकिन बहुत कम दिनों में किसी दिल का दरवाजा खुलता है। जिस दिन ऐसा होता है, व्यवस्था कागजों से निकलकर इंसानियत की भाषा बोलने लगती है। सविता प्रधान का बदला चेहरा भी हर सुबह मौन संदेश बनकर कार्यालय पहुँचा होगा। उन्होंने अपने कर्मों से बता दिया कि अधिकारी केवल नियमों और फाइलों के लिए नहीं होते; वे उन अनदेखे आँसुओं के लिए भी होते हैं, जो किसी सरकारी दस्तावेज में दर्ज नहीं होते। एक छोटी बच्ची की मासूम इच्छा ने प्रशासन और समाज के बीच खड़ी कठोर दीवार में संवेदना की ऐसी दरार बना दी, जहाँ से दया, अपनापन और विश्वास की रोशनी भीतर उतर आई। उसी क्षण पद का वैभव पीछे छूट गया और मनुष्यता सबसे आगे खड़ी दिखाई दी।

जीवन की सबसे बड़ी विरासत संपत्ति नहीं, संवेदना होती है। जो मनुष्य अपने दर्द को दूसरों के आँसू पोंछने की शक्ति बना लेता है, समय उसके लिए अलग इतिहास लिखता है। सविता प्रधान की माँ का तीन बार कैंसर से संघर्ष, स्वयं उनका कठिन जीवन और फिर एक अनजान बच्ची के लिए अपने बाल समर्पित कर देना–ये तीनों घटनाएँ अलग-अलग नहीं हैं। ये एक ही जीवन-दर्शन के सूत्र हैं, जो बताते हैं कि पीड़ा यदि मनुष्य को कठोर न बनाए, तो वही उसे असाधारण बना देती है। चरित्र वही है, जो परिस्थितियों के थपेड़ों से नहीं बदलता; जो बाल कट जाने पर भी कम नहीं होता और पद छूट जाने पर भी समाप्त नहीं होता।

मनुष्यता का सबसे उजला क्षण वह होता है, जब कोई अपना सबसे प्रिय किसी अनजान की उम्मीद के नाम कर देता है। सविता प्रधान का निर्णय भी ऐसा ही क्षण है। यह केवल एक बच्ची के चेहरे पर मुस्कान लौटाने की घटना नहीं, बल्कि पूरे तंत्र के सामने रखा आईना है, जिसमें व्यवस्था अपना मानवीय चेहरा देख सकती है। नियम आवश्यक हैं, लेकिन संवेदना उससे भी अधिक। कागज निर्णय लिख सकते हैं, किसी टूटे मन में जीने का साहस नहीं। सविता प्रधान ने सिद्ध कर दिया कि सत्ता का सर्वोच्च रूप आदेश देना नहीं, स्वयं का एक अंश किसी और के जीवन को समर्पित करना है। अब जब वह बच्ची आईने के सामने खड़ी होगी, तो उसके सिर पर केवल विग नहीं, किसी अजनबी के विश्वास, ममता और आत्मबल का स्पर्श भी होगा। शायद वही स्पर्श उसे जीवन भर यह भरोसा देगा कि दुनिया आज भी सुंदर है, क्योंकि कुछ लोग अपने हिस्से की चमक बाँटकर दूसरों के जीवन में उजाला लिखना जानते हैं।

प्रो. आरके जैन अरिजीत

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रीस में आग बुझाने के दौरान दो हेलीकॉप्टर टकराए, दो क्रू सदस्यों की मौत


**एथेंस।** ग्रीस में जंगल की आग पर काबू पाने के अभियान के दौरान दो हेलीकॉप्टर हवा में ही आपस में टकरा गए, जिससे चालक दल के दो सदस्यों की मौत हो गई। हादसे में मारे गए लोगों में एक ग्रीक कोऑर्डिनेटर और एक डेनिश पायलट शामिल हैं। तथा रूस के टेलीविजन नेटवर्क रशिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों हेलीकॉप्टर शुक्रवार से फैली एक बड़ी जंगल की आग को नियंत्रित करने के अभियान में लगे थे। टक्कर के बाद एक हेलीकॉप्टर आग की चपेट में आकर जमीन पर गिर गया, जबकि दूसरे हेलीकॉप्टर के क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया गया। हादसे की वजह की जांच शुरू कर दी गई है। दोनों हेलीकॉप्टर ऑस्ट्रेलियाई एरियल फायरफाइटिंग कंपनी मैकडरमॉट एविएशन से लीज पर लिए गए थे। शुरुआती वीडियो फुटेज में दिखाई दे रहा है कि एक हेलीकॉप्टर दूसरे के उड़ान मार्ग में आ जाता है, जिसके बाद टक्कर हो जाती है। अधिकारियों ने जांच पूरी होने तक इस मॉडल के हेलीकॉप्टरों की उड़ान रोक दी है। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने हादसे पर दुख जताते हुए मृतकों को "बेहद कठिन परिस्थितियों में आग से लड़ने वाले अग्रिम योद्धा" बताया। उन्होंने कहा कि देश इस समय गंभीर मौसम और तेज हवाओं के कारण बेहद चुनौतीपूर्ण स्थिति से गुजर रहा है। ग्रीस में पिछले एक सप्ताह में जंगल की आग की कम से कम 220 घटनाएं सामने आई हैं। एथेंस के पश्चिमी हिस्से में लगी बड़ी आग से निपटने के लिए करीब 500 फायरफाइटर और 23 विमान तैनात किए गए थे। हालांकि, तेज हवाओं के कारण राहत और बचाव अभियान में मुश्किलें आईं। कई बार विमानों के लिए समुद्र से पानी भरना भी जोखिम भरा हो गया। यूरोप के कई देश इस समय भीषण जंगल की आग से जूझ रहे हैं। सूखे मौसम, तेज हवाओं और बढ़ते तापमान ने आग बुझाने के प्रयासों को और मुश्किल बना दिया है। ग्रीक अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिन भी चुनौतीपूर्ण रह सकते हैं क्योंकि कई क्षेत्रों में आग का खतरा अभी बना हुआ है।

### बांग्लादेश में हिन्दू संत चिन्मय ब्रह्मचारी को उच्च न्यायालय से चार में से दो केस में जमानत मिली

**ढाका।** बांग्लादेश उच्च न्यायालय ने देश के प्रमुख और युवा हिन्दू संत चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी को चार में से दो केस में जमानत प्रदान कर दी। ब्रह्मचारी लगभग 20 माह से जेल में बंद हैं। उनकी गिरफ्तारी पर भारत समेत कई देश कड़ा विरोध जता चुके हैं। चिन्मय के वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने जमानत मिलने की पुष्टि की। भट्टाचार्य ने कहा कि चिन्मय के खिलाफ कुल छह केस दर्ज हैं। अब तक चार मामलों में जमानत मिल चुकी है। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति केएम जाहिद सरवर और न्यायमूर्ति शेख अबू ताहिर की पीठ ने रविवार देरशाम जमानत आदेश पारित किया। वकील अपूर्व कुमार भट्टाचार्य ने कहा कि हालांकि, उन्हें तुरंत न्यायिक हिरासत से रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंकि उन्हें अभी दो मामलों में जमानत नहीं मिली है। भट्टाचार्य ने कहा कि उनके मुवक्किल हिन्दू संत चिन्मय के खिलाफ छह केस दर्ज किए गए हैं। इनमें से चटगांव में वकील सैफुल इस्लाम की मौत से जुड़े हत्या के मामले में सुनवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर दर्ज राजद्रोह के मामले में चिन्मय की जमानत पर उच्च न्यायालय का स्थगन आदेश लागू है। जिन दो केस में जमानत का इंतजार किया जा रहा है, उनकी याचिकाओं पर सुनवाई 16 अगस्त को होनी है। चिन्मय ब्रह्मचारी को 25 नवंबर, 2024 को ढाका में राष्ट्रीय ध्वज के कथित अपमान को लेकर दर्ज राजद्रोह के केस में गिरफ्तार किया गया था। तब से वह सलाखों के पीछे हैं।

### राहुल गांधी ने छात्रों से की, प्रयागराज के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 8 अगस्त को आयोजित होने वाले 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने की अपील करते हुए आज कहा कि पेपर लीक, रुकी हुई भर्तियों और छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई जैसे मुद्दों पर कांग्रेस युवाओं की आवाज उठाना और उन्हें न्याय दिलाने का संघर्ष जारी रखेगी। राहुल गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, 'जॉब नहीं मिलेगा, तो सिंहासन हिलेगा।' कोटा और देहरादून के बाद अब 'छात्रों की गूंज' प्रयागराज पहुंच रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज वह शहर है, जहां लाखों युवा वर्षों से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। वे आवेदन पत्र भरते हैं, परीक्षा शुल्क जमा करते हैं और लंबे समय तक भर्ती प्रक्रिया पूरी होने का इंतजार करते रहते हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं ने युवाओं का वर्तमान छीन लिया है, जबकि लंबित भर्तियों ने उनके भविष्य को प्रभावित किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि हाल में दिल्ली में अपने अधिकारों की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज किया गया और पैलेट गन का इस्तेमाल किया गया था। राहुल गांधी ने छात्रों और युवाओं से 8 अगस्त को प्रयागराज में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।



### पुरी रथ यात्रा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल कराने के लिए मुख्यमंत्री ने केंद्र से मांगा सहयोग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर श्रीजगन्नाथ धाम, पुरी की विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा को यूनेस्को की 'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर' सूची में शामिल कराने के लिए केंद्र सरकार से सहयोग और हस्तक्षेप का अनुरोध किया है। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन (SJTA), पुरी द्वारा यूनेस्को में नामांकन के लिए प्रस्तुत प्रस्ताव का उल्लेख करते हुए कहा कि रथ यात्रा को अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की सूची में शामिल किए जाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाए। मुख्यमंत्री ने अपने पत्र में कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता, समावेशिता, आध्यात्मिकता, शिल्पकला, संगीत, नृत्य और सामुदायिक सहभागिता का जीवंत प्रतीक है। सदियों से आयोजित होने वाला यह महापर्व दुनिया भर से लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को आकर्षित करता है तथा भारत की जीवंत सांस्कृतिक विरासत के सबसे महत्वपूर्ण प्रतीकों में से एक है।



उन्होंने कहा कि रथ यात्रा को यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल किए जाने से भारत की सांस्कृतिक परंपराओं को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिलेगी। साथ ही, इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों तक इसके संवर्धन में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। मुख्यमंत्री ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि नामांकन के लिए निर्धारित प्रारूप के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज और सहायक सामग्री श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन द्वारा पहले ही प्रस्तुत की जा चुकी है। मोहन माझी ने केंद्रीय मंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप करते हुए संस्कृति मंत्रालय के स्तर पर प्रस्ताव की शीघ्र जांच कराने तथा यूनेस्को के समक्ष नामांकन प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया। उन्होंने आश्वस्त किया कि ओडिशा सरकार और श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन इस प्रक्रिया के दौरान मंत्रालय को आवश्यक सभी अतिरिक्त जानकारी और सहयोग उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। पत्र के अंत में मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का अनुरोध करते हुए उनके सहयोग और समर्थन के प्रति अग्रिम आभार व्यक्त किया।

# छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के लिए माफी मांगें प्रधानमंत्री : खरगे

एजेंसी, नई दिल्ली



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट प्रश्नपत्र लीक के विरोध में जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से माफी मांगने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री संसद में आकर विपक्ष के सवालों का जवाब नहीं दे रहे हैं और छात्रों के मुद्दे, राम मंदिर चढ़ावा चोरी के आरोपों तथा अन्य जनहित के विषयों पर चर्चा से बच रहे हैं। खरगे ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री को युवाओं पर लाठीचार्ज और पैलेट गन के इस्तेमाल के लिए माफी मांगनी चाहिए। प्रधानमंत्री संसद में आने के बजाय बच्चों को डराने-धमकाने का काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री न तो चढ़ावा चोरी के आरोपों पर बोल रहे हैं और न ही छात्रों पर कार्रवाई को लेकर जवाब दे रहे हैं। मासूम छात्रों को देशद्रोही नहीं कहा जाना चाहिए।

खरगे ने संसद परिसर में पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री का संसद में उपस्थित नहीं होना लोकतंत्र, संसद एवं जनता का अपमान है। लोकतंत्र में बहस और जवाबदेही आवश्यक है। यदि विपक्ष के तर्क गलत हैं तो सरकार को सदन में आकर उनका जवाब देना चाहिए, लेकिन प्रधानमंत्री संसद में आकर चर्चा नहीं कर रहे हैं।


खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी बात रखते हैं, जबकि उन्हें संसद या प्रेस वार्ता में आकर सवालों का सामना करना चाहिए। छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई के बाद प्रधानमंत्री द्वारा उन्हें माफ करने की बात कहना उचित नहीं है। यदि छात्रों के साथ गलत हुआ है तो प्रधानमंत्री को उनसे माफी मांगनी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि नीट प्रश्नपत्र लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर छात्र स्वतः सड़कों पर उतरे थे। सरकार प्रदर्शन करने वाले छात्रों की पहचान, परिवार और आर्थिक स्थिति की जांच कर उन्हें और उनके अभिभावकों को डराने का प्रयास कर रही है। यह लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा कि विपक्ष जनता की भावनाओं के अनुरूप आंदोलन कर रहा है और संसद में इन मुद्दों पर चर्चा चाहता है। प्रधानमंत्री को सदन में उपस्थित होकर विपक्ष के सवालों का जवाब देना चाहिए।

चढ़ावा चोरी के आरोपों पर खरगे ने कहा कि इस मामले की सच्चाई सामने आनी चाहिए। श्रद्धालुओं द्वारा दान की गई बहुमूल्य वस्तुओं को लेकर उठे सवालों का सरकार ने अब तक स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। विपक्ष संसद के भीतर और बाहर इन मुद्दों को उठाता रहेगा तथा सरकार से जवाबदेही की मांग करता रहेगा।

## टेम्पो ट्रैवलर से टकराया ट्रेलर, कोलकाता के एक ही परिवार की 3 महिलाओं की मौत

एजेंसी, जयपुर




राजस्थान के चूरू जिले के सुजानगढ़ थाना क्षेत्र स्थित बोबासर पुलिया पर सोमवार को भीषण सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि 13 श्रद्धालु घायल हो गए। यह हादसा उस समय हुआ, जब सालासर बालाजी के दर्शन कर पुष्कर जा रही श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रेलर से आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। मृतक और घायल सभी पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता के एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

डीवाईएसपी दरजाराम के अनुसार कोलकाता निवासी एक ही परिवार के 17 सदस्य किराये की टेम्पो ट्रैवलर से राजस्थान के प्रमुख धार्मिक स्थलों की यात्रा पर आए थे। सालासर बालाजी मंदिर में दर्शन करने के बाद सभी पुष्कर धाम के लिए रवाना हुए थे। इसी दौरान सुजानगढ़ के निकट बोबासर पुलिया पर उनकी टेम्पो ट्रैवलर की सामने से आ रहे ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेम्पो ट्रैवलर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देने के साथ राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पर एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा और डीवाईएसपी दरजाराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे घायलों और मृतकों को बाहर निकाला।

सभी 13 घायलों को एम्बुलेंस से राजकीय बगड़िया अस्पताल, सुजानगढ़ पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार कुछ घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि हादसे में मृत तीनों महिलाएं कोलकाता निवासी एक ही परिवार की सदस्य थीं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है। दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा, जिसे क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने के बाद सुचारू कर दिया गया।

## मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार और 13.23 किलो अफीम बरामद

एजेंसी, इंफाल



मणिपुर में सुरक्षा बलों और पुलिस ने अलग-अलग अभियानों में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठनों से जुड़े चार सक्रिय कैडरों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान हथियार, गोला-बारूद तथा 13.230 किलोग्राम अफीम भी बरामद की गई। सोमवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के इरिलबुंग थाना क्षेत्र के खोंगमान जोन-5 ईस्ट से केसीपी (अपुनबा) के सक्रिय कैडर और कथित रंगदारी वसूलने वाले जॉयसन खंगेम्बाम उर्फ लोयुम्बा उर्फ टोंडोनबा (28) को गिरफ्तार किया।

इसके एक दिन पहले, रविवार को सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व जिले के लामलाई थाना क्षेत्र के नोंगाडा थोंगखोंग से केसीपी (एमएफएल) के सक्रिय कैडर लौरेम्बाम रॉबिन्सन सिंह उर्फ बेनिन (44) को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से दो .32 पिस्तौल, दो मैगजीन और .32 बोर के नौ जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार, वह हथियार और गोला-बारूद के अवैध कब्जे, छिपाने और परिवहन में शामिल था।

इसी क्रम में, चुराचांदपुर जिले के सांगाइकोट उपमंडल स्थित टी. खुआंगखाई गांव में छापेमारी के दौरान सेइखोगिन माटे (43) को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से लगभग 13.230 किलो अफीम बरामद की गई।

वहीं, इससे पूर्व मणिपुर पुलिस ने बिष्णुपुर जिले के कुम्बी थाना क्षेत्र के वांगू अहल्लुप सनासम लेइकाई निवासी आरपीएफ/पीएलए के सक्रिय कैडर नगंगबाम नानाओ सिंह (41) को उसके घर से गिरफ्तार किया। फिलहाल, सभी मामलों में आगे की जांच जारी है।

## ट्राई ने लॉन्च किया 'माय कॉल' ऐप का नया संस्करण, उपभोक्ता दर्ज करा सकेंगे कॉल गुणवत्ता की समस्याएं

एजेंसी, नई दिल्ली




भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने देश में मोबाइल वॉयस कॉल की गुणवत्ता में सुधार और उपभोक्ताओं की प्रत्यक्ष भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को 'ट्राई माय कॉल' मोबाइल ऐप का नवीनीकृत (रीवैम्प्ड) संस्करण लॉन्च किया। नए ऐप के माध्यम से मोबाइल उपभोक्ता प्रत्येक वॉयस कॉल के बाद उसकी गुणवत्ता को एक से पांच स्टार तक रेटिंग दे सकेंगे और कॉल ड्रॉप, आवाज टूटने, ऑडियो में देरी, क्रॉस कनेक्शन तथा कॉल कनेक्ट होने में अत्यधिक समय लगने जैसी समस्याओं की सीधे जानकारी दर्ज करा सकेंगे।

ट्राई के अध्यक्ष अनिल कुमार लाहोटी ने ऐप लॉन्च करते हुए कहा कि यद्यपि इसे नवीनीकृत संस्करण कहा जा रहा है, लेकिन व्यवहारिक रूप से यह पूरी तरह नया और व्यापक तंत्र है। इस ऐप का उद्देश्य उपभोक्ताओं को स्वैच्छिक रूप से अपने वॉयस कॉल अनुभव का मूल्यांकन करने की सरल व्यवस्था उपलब्ध कराना है। उपभोक्ता कॉल समाप्त होते ही आने वाले पॉप-अप के माध्यम से अथवा सीधे ऐप में जाकर अपनी रेटिंग दर्ज कर सकते हैं और नेटवर्क संबंधी समस्याओं की जानकारी साझा कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि नए ऐप में उपभोक्ता अपने पुराने फीडबैक का रिकॉर्ड भी देख सकेंगे और स्वयं नेटवर्क कवरेज परीक्षण भी कर पाएंगे। उपभोक्ताओं से प्राप्त आंकड़े दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को अपने नेटवर्क का लक्षित सुधार करने में मदद करेंगे, जबकि ट्राई इन आंकड़ों का उपयोग अपनी सेवा गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने में करेगा।

ट्राई के नौ साल पुराने 'माय काल' ऐप में आधुनिक स्मार्टफोन, विशेषकर एंड्रॉयड-12 और उससे ऊपर के संस्करणों के साथ तकनीकी अनुकूलता संबंधी समस्याएं सामने आ रही थीं। इसी वजह से ऐप को पूरी तरह नया स्वरूप दिया गया है। इसमें 'भाषिनी' प्लेटफॉर्म से बहुभाषी सुविधा भी जोड़ी गई है, जिससे विभिन्न भारतीय भाषाओं के उपभोक्ता आसानी से इसका उपयोग कर सकेंगे।

नए ऐप में उपभोक्ता किसी भी वॉयस कॉल को एक से पांच स्टार तक रेटिंग दे सकेंगे। यदि कॉल गुणवत्ता तीन स्टार या उससे कम दर्ज की जाती है तो उपभोक्ता कॉल ड्रॉप, आवाज का कटना, इको, ऑडियो में देरी, क्रॉस कनेक्शन, एक तरफ से आवाज न आना अथवा कॉल कनेक्ट होने में अधिक समय लगने जैसी विशिष्ट समस्याओं का चयन कर सकेंगे।

ऐप में नेटवर्क कवरेज परीक्षण की सुविधा भी दी गई है, जिससे उपभोक्ता अपने स्थान पर उपलब्ध सिग्नल की वास्तविक स्थिति तथा प्रयुक्त नेटवर्क तकनीक, जैसे 4जी या 5जी, की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त इंटरएक्टिव मानचित्र पर स्थानवार अपनी पूर्व रेटिंग और नेटवर्क संबंधी जानकारी भी देख सकेंगे।

## एर्नाकुलम में संपन्न हुई अभाविप की केंद्रीय कार्यसमिति बैठक पेपर लीक के खिलाफ छात्र आंदोलनों को दिया समर्थन

एजेंसी, तिरुवनंतपुरम




अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) की केंद्रीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक 1 और 2 अगस्त को एर्नाकुलम, केरलम में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक विस्तार, शिक्षा, समसामयिक राष्ट्रीय विषयों और आगामी वर्ष की कार्ययोजना पर विस्तृत मंथन किया गया। इस दौरान देशभर में प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए अभाविप ने झारखंड, बिहार, कर्नाटक और पंजाब सहित विभिन्न राज्यों में छात्रों द्वारा चलाए जा रहे लोकतांत्रिक आंदोलनों का समर्थन किया।

संगठन की बैठक में कहा गया कि प्रत्येक विद्यार्थी को निष्पक्ष, पारदर्शी और विश्वसनीय परीक्षा प्रणाली मिलना उसका अधिकार है। अभाविप ने घोषणा की कि नीट परीक्षा में अनियमितताओं के बाद गठित उच्चस्तरीय समिति के समक्ष परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए विस्तृत सुझाव और अनुशंसाएं प्रस्तुत की जाएंगी। संगठन ने समाज के विभिन्न वर्गों और संगठनों से भी छात्रों के इस संघर्ष में सहभागी बनने की अपील की।

बैठक में आगामी राष्ट्रीय अभियानों की रूपरेखा भी तय की गई। 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' अभियान के साथ 'वंदे मातरम् @150 वर्ष : कैंपस टू कैंपस वंदे मातरम्' अभियान को देशभर के शिक्षण संस्थानों तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा स्वतंत्रता दिवस पर 'एक गांव-एक तिरंगा', तिरंगा रैलियों और सामूहिक वंदे मातरम गायन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कार्यसमिति ने संसद द्वारा राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 पारित कर वंदे मातरम् के सम्मान को विधिक संरक्षण दिए जाने का स्वागत किया और इसे राष्ट्रीय चेतना तथा स्वतंत्रता संग्राम की विरासत के संरक्षण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

बैठक में संत रविदास के 650वें प्राकट्य वर्ष, गुरु तेगबहादुर के 350वें बलिदान वर्ष, आपातकाल विरोधी आंदोलन के 50 वर्ष, अखिल भारतीय छात्रावास सर्वेक्षण, 72वें राष्ट्रीय अधिवेशन, एसईआईएल@60, अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी संपर्क, संगठन विस्तार और कार्यशाला संस्कृति सहित कई विषयों पर भी चर्चा कर आगामी कार्ययोजना तय की गई।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं देश की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं और विद्यार्थियों के साथ न्याय सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत सुधार आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि वंदे मातरम् के सम्मान को विधिक संरक्षण मिलना ऐतिहासिक निर्णय है और अभाविप 'कैंपस टू कैंपस वंदे मातरम्', 'एक गांव-एक तिरंगा' तथा 'स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम' जैसे अभियानों के माध्यम से राष्ट्रभक्ति, सकारात्मक परिसर संस्कृति और छात्र नेतृत्व को मजबूत करेगी।

## असम बाढ़ : 75 हजार से अधिक प्रभावित परिवारों के खातों में 15,000 की पहली किस्त

एजेंसी, गुवाहाटी



असम सरकार ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के लिए अंतरिम राहत के तहत 75 हजार से अधिक परिवारों के बैंक खातों में 15-15 हजार रुपये की पहली किस्त सीधे हस्तांतरित की है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के पात्र लाभार्थियों के लिए राज्य सरकार की वित्तीय सहायता भी जारी की गई है। कुल मिलाकर 160 करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी गई है। मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि इस तत्काल सहायता का उद्देश्य बाढ़ प्रभावित परिवारों को जल्द सामान्य जीवन में लौटने और अपने घर-परिवार को फिर से बसाने में मदद करना है। उन्होंने बताया कि विस्तृत क्षति आकलन के आधार पर अंतिम मुआवजे का निर्धारण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि शिवसागर और चराइदेव जिले के गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को अगले कुछ दिनों में अतिरिक्त 10-10 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

शिवसागर और चराइदेव के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का ट्रैक्टर से दौरा करने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इन जिलों में हुई तबाही टेलीविजन पर दिखाई देने वाली तस्वीरों से कहीं अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा कि केवल बाढ़ राहत पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि बिहुबर, नेपालीखूटी, बेतबारी और निमाईजान जैसे गंभीर रूप से प्रभावित गांवों का पुनर्निर्माण भी करना होगा।

## मप्र के उज्जैन में 'चंद्रमौलेश्वर' स्वरूप में निकली बाबा महाकाल की सवारी

एजेंसी, उज्जैन





सावन मास के पहले सोमवार पर पूरे मध्य प्रदेश में शिवभक्ति का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। उज्जैन में बाबा महाकाल की सवारी धूमधाम से निकली। भगवान महाकाल 'चंद्रमौलेश्वर' स्वरूप में चांदी की पालकी में सवार होकर प्रजा का हाल जानने निकले। दोपहर तक 3 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। ओंकारेश्वर, मंदसौर के पशुपतिनाथ और भोजपुर समेत प्रदेश भर के शिवालयों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।

सावन के पहले सोमवार के पावन अवसर पर उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में देर रात 2:30 बजे पट खोलकर भस्म आरती संपन्न की गई। दूध, दही, पंचामृत और भांग से राजाधिराज स्वरूप में विशेष श्रृंगार के बाद दोपहर में बाबा महाकाल की शाही सवारी गाजे-बाजे के साथ रवाना हुई। भगवान महाकाल चांदी की पालकी में 'चंद्रमौलेश्वर' और हाथी पर 'मनमहेश' रूप में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। दोपहर 1:30 बजे तक 3,05,797 से अधिक श्रद्धालु नंदी हॉल और कार्तिक मंडपम के माध्यम से दर्शन कर चुके हैं। पूरा मार्ग 'हर-हर महादेव' और 'जय श्री महाकाल' के उद्घोषों से गूंज उठा।

उज्जैन के साथ-साथ खंडवा स्थित ओंकारेश्वर-ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग में भी बाबा की शाही सवारी गौमुख घाट और कोटितीर्थ पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया।

# स्वदेशी अलसी से 2029-30 तक लिनेन का आयात शून्य करने का लक्ष्य : गिरिराज सिंह

एजेंसी, नई दिल्ली



केन्द्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने सोमवार को कहा कि वर्ष 2029-30 तक फ्लैक्स (अलसी) की देशी किस्मों की खेती के जरिए लिनेन के आयात को शून्य करने का लक्ष्य है। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज दिल्ली स्थित आईआईटी में 'हथकरघा प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता केंद्र' ('सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) के उद्घाटन पर यह बात कही, जिसका मुख्य उद्देश्य डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से भारत के हथकरघा क्षेत्र को और मजबूत करना है। आईआईटी दिल्ली और आईआईटी खड़गपुर जैसे प्रमुख संस्थानों के सहयोग से शुरू किए गए ये अनुसंधान उत्कृष्टता केंद्र, क्षमता निर्माण, टिकाऊपन और उद्यमिता के चार प्रमुख स्तंभों पर काम करेंगे।

गिरिराज सिंह ने कहा, "पर्यावरण संरक्षण और सस्टेनेबिलिटी की बढ़ती वैश्विक मांग को देखते हुए मंत्रालय ऐसे नए प्राकृतिक रेशों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।" उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के 11.99 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित किया गया यह केंद्र एक राष्ट्रीय ज्ञान और नवाचार हब के रूप में कार्य करेगा। इसका मुख्य उद्देश्य भारत की पारंपरिक हथकरघा विरासत को आधुनिक अनुसंधान, एआई और डिजिटल तकनीकों से जोड़ना है। यह केंद्र शिक्षाविदों, उद्योग जगत, डिजाइनरों, प्रौद्योगिकीविदों और स्टार्टअप्स को एक मंच पर लाएगा। अगले पांच वर्षों में यह केंद्र हथकरघा ज्ञान का एक राष्ट्रीय डिजिटल भंडार विकसित करेगा। एआई-सक्षम उपकरण और बेहतर करघा प्रौद्योगिकियां तैयार करेगा। पेटेंट, अनुसंधान और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देगा। देशभर के बुनकरों और पेशेवरों को आधुनिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

मंत्री ने बताया कि वर्तमान में 35 लाख बुनकरों के डिजिटल सत्यापन के साथ सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। हाल ही में 1 लाख नए बुनकर इस प्रणाली से जुड़े हैं। देश के आर्थिक संकेतकों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा, कि भारत की जीडीपी 2 खरब डॉलर से बढ़कर 4.2 खरब डॉलर हो चुकी है, विदेशी मुद्रा भंडार 299 अरब डॉलर से बढ़कर 698 अरब डॉलर और कुल निर्यात 468 अरब डॉलर से बढ़कर 863 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। महंगाई दर 7.7 प्रतिशत से घटकर 3.9 प्रतिशत पर आना और पूंजीगत व्यय का 11.21 लाख करोड़ रुपये होना आम जनता की क्रय शक्ति में वृद्धि को दर्शाता है, जिसका सीधा लाभ हथकरघा और कपड़ा क्षेत्र को मिलेगा।

इस अवसर पर सेंटर ऑफ एक्सीलेंस रिसर्च के एक लोगो का भी अनावरण किया गया। वहीं, हथकरघा क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए 5 मुख्य पहलों की शुरुआत की गई।

04-08-2026 T.P. Page 8_Layout 1 04-08-2026 08:44 Page 1







# सिर्फ स्क्रीन पर दिखना नहीं, असर छोड़ने वाले किरदार निभाना चाहती हूं

मुंबई बरखा सिंह ने अपने करियर की शुरुआत हल्के-फुल्के रोमांटिक और कमिंग-ऑफ-एज किरदारों से की थी, लेकिन पिछले तीन सालों में उन्होंने अपनी अभिनय यात्रा को एक नया आयाम दिया है। क्रिमिनल जस्टिस और अब टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी जैसे प्रोजेक्ट्स में दमदार और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाकर उन्होंने खुद को एक बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में साबित किया है। बरखा का मानना है कि वह ऐसे किरदार निभाना चाहती हैं जो सिर्फ कहानी का हिस्सा न हों, बल्कि दर्शकों पर गहरी छाप भी छोड़ें।

टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में वह पहली बार एक भारतीय राजस्व सेवा (ढ्ढक्रस्) अधिकारी के दमदार किरदार में नजर आएंगी। अपने बदलते करियर चुनावों पर बात करते हुए बरखा ने कहा कि टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में ढ्ढक्रस् अधिकारी का किरदार निभाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा और इससे उन्हें यह और भी स्पष्ट हो गया कि आगे वह किस तरह के किरदार करना चाहती हैं। बरखा सिंह ने कहा, मैं टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में IRS अधिकारी का किरदार निभाने को लेकर बेहद उत्साहित हूं। मेरी कोशिश हमेशा ऐसे किरदार निभाने की रहती है जो कहानी में सिर्फ मौजूद न हों, बल्कि उसे आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएं। मुझे ऐसे किरदार पसंद हैं जिनकी अपनी मजबूत आवाज़ हो, जो आज के दौर की जटिलताओं को दिखाएं और दर्शकों को कुछ सोचने पर मजबूर करें।

अपनी विशलिस्ट के फिल्ममेकर्स का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, अगर मेरी विशलिस्ट की बात करूं तो लापता लेडीज़ के बाद मैं किरण राव के साथ काम करना चाहूंगी। इसके अलावा राख जैसी शानदार स्टोरीटेलिंग के लिए प्रोसित रॉय और पाताल लोक में बेहतरीन काम करने वाले अविनाश अरुण के साथ काम करना भी मेरा सपना है। इन तीनों की कहानी कहने की शैली बेहद अलग और प्रेरणादायक है। बरखा सिंह जल्द ही टैक्स डिपार्टमेंट स्टोरी में एक बिल्कुल नए और दमदार अंदाज़ में ढ्ढक्रस् अधिकारी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। दिलचस्प प्रोजेक्ट्स और स्पष्ट रचनात्मक सोच के साथ बरखा लगातार ऐसे किरदार चुन रही हैं जो न सिर्फ उनकी अभिनय क्षमता को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं, बल्कि दर्शकों के दिलों में भी लंबे समय तक अपनी छाप छोड़ें।



# अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान संग काम करने की ख्वाहिश हैं

आज जाने-माने निर्देशक बन चुके अहमद खान के करियर का सफर बड़ा ही दिलचस्प रहा है। चाइल्ड आर्टिस्ट से कोरियोग्राफर बने और फिर इंडस्ट्री के तमाम बड़े स्टार्स को नचाने वाले अहमद खान इन दिनों चर्चा में हैं निर्देशक के रूप में अपनी ताजा-तरीन फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' से। इस फिल्म में एक साथ 30-35 बड़े कलाकारों को हैंडल करने वाले अहमद खान अब तक अपने करियर में तकरीबन सभी बड़े सितारों के साथ काम कर चुके हैं, मगर वो शेर है न- बहुत निकले मेरे अरमान, लेकिन फिर भी कम निकले, तो इसी तर्ज पर इस खास बातचीत में वह न केवल अपने करियर के सफर पर बात करते हैं, बल्कि ट्रेजिडी किंग कहलाने वाले दिलीप कुमार, बादशाह खान और बिग बी से जुड़ी यादों को भी साझा करते हैं।

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वह कहते हैं, 'बच्चन साहब के साथ कोरियोग्राफर के रूप में काम कर चुका हूं। मगर मुझे इंतजार है एक अच्छी स्क्रिप्ट का। वैसे बिग बी इन दिनों चुनिंदा काम ही कर रहे हैं। मैं ये जरूर कहना चाहूंगा कि कई बार हमारी प्लानिंग किस्मत के आगे फेल हो जाती है। अब जैसे मैं अपने निर्देशन की शुरुआत शाहरुख खान के साथ 'सब्र' नामक फिल्म से करना चाहता था, मगर उसी दौर मैं शाहरुख खान अपने प्रोडक्शन की मैं हूं न लेकर आए। उस समय शाहरुख ने कहा था कि पहले वह अपनी फिल्म करेंगे और उसके बाद मेरी। लेकिन उनकी फिल्म में देरी होती रही और मुझे भी अपना काम शुरू करना था, इसलिए मैंने अपनी फिल्म शुरू कर दी।'

अपनी हालिया फिल्म में सितारों के मेले के साथ काम करने वाले अहमद ने कलाकारों से जुड़ी कई दिलचस्प बातें बताईं। उन्हीं के शब्दों में, 'देखिए, सबसे बड़ी बात यह थी कि सब मेरे दोस्त थे। किसी ने मुझे कोई तकलीफ नहीं दी। सबसे पहले अक्षय कुमार समय से पहले सेट पर आ जाते थे। हम सबको पता था कि कोई न कोई अगर गड़बड़ करेगा तो शूटिंग प्रभावित होगी। इसलिए हर कोई यही सोचता था कि कहीं गलती मुझसे न हो जाए। उसी वजह से काम बहुत अच्छे से हुआ। हमारे सेट पर जॉनी लीवर, परेश रावल और राजपाल यादव जैसे धुरंधर कॉमेडियन भी थे, मगर मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमारे सेट पर कोई भी कलाकार इनसिक्योर नहीं था। उल्टा सब एक-दूसरे से कहते थे, 'तू कर ले... तू कर ले। इसलिए कभी कोई दिक्कत नहीं आई।'

# 'मॉम' का बन रहा सीक्वल खुशी कपूर निभाएगी लीड रोल



महान अभिनेत्री श्रीदेवी की फिल्म 'मॉम' 2017 में आई थी, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। अब करीब 9 साल बाद इसका सीक्वल बनने जा रहा है, जिसको लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। खुशी कपूर अब फिल्म 'मॉम 2' में लीड रोल निभाने जा रही हैं। यह 2017 की हिट फिल्म मॉम का सीक्वल है और इसे नवंबर 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज करने की तैयारी है। इस फिल्म को उनके पिता बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं, और इसकी शूटिंग नोएडा और ग्रीस में हुई है। फ्री प्रेस जर्नल की रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'मॉम 2' का कनेक्शन श्रीदेवी के उस यादगार किरदार से जुड़ा होगा, जिसने उन्हें खास पहचान दिलाई थी। 'मॉम' श्रीदेवी की आखिरी फिल्म थी, ऐसे में यह प्रोजेक्ट खुशी कपूर के लिए काफी इमोशनल और खास माना जा रहा है, क्योंकि वह अपनी मां की विरासत को आगे बढ़ाती नजर आएंगी।

# क्या इस क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल को डेट कर रही हैं मृणाल ठाकुर?

मुंबई के एक कैफे का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने दोनों के डेटिंग रूमर्स को हवा दे दी है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो बांद्रा वेस्ट के एक कैफे का है, जहां दोनों एक ही समय पर नजर आए। वीडियो में दिखता है कि यशस्वी कैफे से बाहर निकलते हैं, जबकि मृणाल अंदर ही मौजूद रहती हैं। हालांकि दोनों के बीच किसी भी तरह की रोमांटिक बातचीत या क्लोज मोमेंट वीडियो में नहीं दिखता, लेकिन सोशल मीडिया पर लोगों ने कयास लगाने शुरू कर दिए। जैसे ही यह वीडियो वायरल हुआ, फैन पेजेस ने इसे 'डेटिंग' से जोड़कर शेयर करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते यह एक बड़ा टॉपिक बन गया। खास बात यह है कि इससे पहले दोनों को कभी साथ नहीं देखा गया था, इसलिए फैंस के लिए यह काफी सरप्राइजिंग था।

## क्या सच में डेट कर रहे हैं?

फिलहाल ऐसा कोई पक्का सबूत नहीं है कि मृणाल और यशस्वी रिलेशनशिप में हैं। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने भी लोगों से जल्दबाजी में नतीजा न निकालने की अपील की है। कुछ का मानना है कि दोनों किसी काम, शूट या प्रोफेशनल मीटिंग के लिए मिले हो सकते हैं। अब तक ना मृणाल और ना ही यशस्वी ने इन अफवाहों पर कोई बयान दिया है।

## उम्र का फर्क भी बना चर्चा का विषय

इस खबर के साथ दोनों की उम्र का अंतर भी चर्चा में आ गया। मृणाल ठाकुर 33 साल की हैं, जबकि यशस्वी जायसवाल 24 साल के हैं। यानी दोनों के बीच करीब 9 साल का अंतर है। सोशल मीडिया पर लोग इस पर भी अलग-अलग राय दे रहे हैं।

# हार्डी संधू ने इंडस्ट्री में टिके रहने का सबसे जरूरी मंत्र दिया




पंजाबी म्यूजिक इंडस्ट्री और बॉलीवुड में अपनी पहचान बना चुके सिंगर और एक्टर हार्डी संधू न सिर्फ अपनी आवाज और एक्टिंग के लिए जाने जाते हैं, बल्कि अपने प्रोफेशनल व्यवहार के लिए भी फेमस हैं। उनके साथ काम करने वाले हर कलाकार अक्सर उनकी तारीफ करते नजर आते हैं। अब एक्ट्रेस रेवती महुरकर ने भी हार्डी के साथ अपने अनुभव को शेयर किया। रेवती ने बताया कि 'तेवर' म्यूजिक वीडियो की शूटिंग के दौरान हार्डी ने उन्हें एक ऐसी सलाह दी, जिसे वो आज भी अपनी जिंदगी का हिस्सा मानती हैं। रेवती महुरकर ने बताया कि हार्डी संधू ने उन्हें इंडस्ट्री में टिके रहने का सबसे जरूरी मंत्र दिया। उन्होंने कहा, ''शूट के बीच में हार्डी ने कहा, 'अपने काम को लेकर बहुत सोच-समझ कर फैसला लिया करो। 'हमेशा अच्छे कलाकारों और अच्छी टीम के साथ ही काम करना', इस एक सलाह ने मेरे काम चुनने का पूरा तरीका बदल दिया।''

उन्होंने कहा, ''हार्डी के साथ काम करने के बाद मुझे असल में समझ आया कि आप किन लोगों के साथ काम करते हैं, ये कितना मायने रखता है। अक्सर हम सिर्फ प्रोजेक्ट देखते हैं, लेकिन टीम और माहौल को इग्नोर कर देते हैं। हार्डी के साथ शूट पर मुझे महसूस हुआ कि एक अच्छा प्रोडक्शन कैसा होता है। उनके सेट पर हर चीज प्रोफेशनल थी। उनका प्रोडक्शन बहुत बड़े लेवल का था।'' रेवती ने टीम के व्यवहार की भी बात की। उन्होंने कहा, ''सबसे खास बात ये थी कि उनकी पूरी टीम ने मेरे साथ बहुत सम्मान से बात की। मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मैं नई हूं। मुझे हर फैसले में बराबर की अहमियत मिली। शूट के दौरान हम अच्छे दोस्त बन गए और इसकी सबसे बड़ी वजह हार्डी हैं। वो दिल के बहुत अच्छे इंसान हैं। उनका दिमाग बहुत क्रिएटिव है और वो हर चीज को नए तरीके से सोचते हैं। उनके साथ बैठकर बात करना भी बहुत कुछ सिखाता है।''

रेवती ने हार्डी के व्यक्तित्व के बारे में आगे कहा, ''वह इंडस्ट्री की राजनीति से दूर रहते हैं। वह सिर्फ अपने काम से मतलब रखते हैं। इसी वजह से 'तेवर' का फाइनल रिजल्ट आज भी मेरे दिल के सबसे करीब है। ये अब तक का मेरा सबसे पसंदीदा काम है। जब भी मैं वो वीडियो देखती हूं तो मुझे गर्व महसूस होता है।'' रेवती ने शूटिंग के आखिरी दिन की एक बहुत प्यारी याद भी साझा की। उन्होंने बताया कि शूट 48 घंटे तक लगातार चला था। इतनी लंबी शूट के बाद भी टीम में एक अलग ही एनर्जी थी।

अब बात करते हैं हार्डी संधू के आने वाले प्रोजेक्ट की। हार्डी जल्द ही पंजाबी फिल्म 'रांझेया' में लीड रोल में नजर आएंगे। ये फिल्म एक लव स्टोरी है। इस फिल्म में उनके साथ सिमरत कौर रंधावा और अंगद बेदी जैसे बड़े नाम भी शामिल हैं।



# मैं प्रॉड्यूसर से पैकअप या पैसों के बारे में नहीं पूछता

**'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' से घर-घर में लोगों का दिल जीत चुके राघव जुयाल इन दिनों 'भाई तेरा स्टार' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने कहा- मेरे माता-पिता जिस सैलरी के चक्रव्यूह में फंसे रहे, मुझे उन्हें उससे निकालना है, मैं देहरादून में उनके लिए पांच मंजिला घर बनवा रहा हूं और मुझे उन्हें एयरप्लेन में फर्स्ट क्लास में ट्रैवल कराना है।**

इसमें उनकी मेहनत, लगन और समर्पण का तो पूरा हाथ है, मगर उनकी किस्मत भी कम चमकीली नहीं। हम बात कर रहे हैं, राघव जुयाल की। 'किंग ऑफ स्लो मोशन' के रूप में जाने जाने वाले राघव ने होस्टिंग भी कमाल की की और यही वजह है कि अभिनय का उनका मार्ग प्रशस्त हुआ। 'किल' और 'बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में तारीफें बटोरने के बाद इन दिनों वे चर्चा में हैं सोलो हीरो वाली 'भाई तेरा स्टार' है। जल्द ही वे शाहरुख खान की 'किंग' में विलेनिश अंदाज में दिखेंगे। उनसे एक खास बातचीत।

'मेरे दादा केस्टो मुखर्जी की मिमिक्री किया करते थे'

हर आम माता-पिता की तरह राघव के परिवार ने भी उनकी मुखालफत की। वे कहते हैं, 'मुझे लगता है कि मेरे माता-पिता को मजबूरी में वकील और टीचर बनना पड़ा। वरना थे तो वो भी कलाकार ही। कला हमारे परिवार में पहले से थी। मेरे दादा जी केस्टो मुखर्जी जैसे सीनियर कमीडियन की कॉमिडी किया करते थे, कविताएं लिखते थे, किताबें लिखते थे। वे लेखक थे। शायद अभिनय और कला का यह बीज वहीं से आया। मगर जब मैंने एक्टिंग में आने की बात की तो कोई भी राजी नहीं था। इसलिए मुझे अपने घोसले से उड़ना पड़ा।

## माता-पिता के लिए घर बनवा रहा हूं

अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए वे कहते हैं, 'मैं अपनी जनरेशन के लोअर मिडल क्लास कर्स (अभिशाप) कि आप ये नहीं कर सकते, वो नहीं कर सकते, को पूरी तरह से मिटा देना चाहता हूं, आगे की जनरेशन के लिए। कोई जब मुझसे कहता है कि अपनी औकात में रहो या तुमको काफी मिला गया है, तो मैं किसी की नहीं सुनना चाहता, क्योंकि मैंने अपने बाप-दादाओं को मेहनत की रोटी के लिए संघर्ष करते देखा है, तो मुझे ये अभिशाप हटाना है। ये छोटे शहर के लड़के की भावनाएं बोल रही हैं। मुझे वो सोच तोड़नी है कि लोग क्या कहेंगे? मेरे माता-पिता जिस सैलरी के चक्रव्यूह में फंसे रहे, मुझे उन्हें उससे निकालना है। मैं देहरादून में उनके लिए पांच मंजिला घर बनवा रहा हूं। मुझे उन्हें एयरप्लेन में फर्स्ट क्लास में ट्रैवल कराना है। उन्होंने मेरा 16 साल का संघर्ष देखा है। मैं हमेशा कहता था कि एक दिन मैं सिंगल हीरो वाली फिल्म करूंगा।

राघव का मानना है कि विवादों के बजाय उन्होंने हमेशा अपने काम पर ध्यान दिया है। वे कहते हैं, 'हमेशा मेरा काम बोला है। जब मैं डांसर था, तब बेस्ट था। जब होस्ट बना, तब भी मुझे सराहा गया। अब जब मैं एक्टिंग कर रहा हूं, तो तब भी बेस्ट ही बनूंगा। मैं सिर्फ अपने काम को बेहतर करने के लिए मेहनत करता हूं। मैं सुपरस्टार बनने की जर्नी में हूं। मैंने आज तक किसी प्रोड्यूसर से कभी नहीं पूछा कि पैकअप कब होगा, डेढ़ शिफ्ट होगी या दो? वैनिटी है या नहीं? मैंने तो कभी ये तक नहीं पूछा कि कितने पैसे मिलेंगे? मैं सिर्फ पूछता हूं कि शूटिंग पर कहां आना है? शायद यही वजह है कि प्रोड्यूसर भी मेरे साथ काम करना चाहते हैं।'

## पिछले 16 सालों से खुद को स्टार महसूस कर रहा हूं

वे बेहद आत्मविश्वास से कहते हैं, 'मैं स्टार वाला मोमेंट पिछले 16 सालों से ही फील कर रहा हूं। मैं जब मुंबई आया और मैंने डीआईडी (डांस इंडिया डांस) में भाग लिया, उस वक्त मेरा डांस देखने के लिए 15-20 हजार का क्राउड आया था, तो बड़ा स्टार मोमेंट था। मैं खुद को लगातार रीइंवेंट करता आया हूं। मेरे लिए अवॉर्ड मिलना भी एक बड़ा पल था। लेकिन सबसे ज्यादा खुशी तब होती है, जब लोग प्यार देते हैं।' अपने क्रेजी फैंस का जिक्र करते हुए वे कहते हैं, 'एक बार एक फैन मेरे नाम का टैटू बना कर आ गया था, तब मैंने उसे समझाया था कि वो ऐसा न करे। अरे, कई बार तो फनी इंसिडेंट भी हो जाते हैं। एक बार जब मैं एयरपोर्ट पर जा रहा था, तब एक फैन आकर बोला, वो डांस वाला स्लो मोशन करके दिखा दीजिए। मैंने उससे पूछा, आप क्या करते हो, तो वो बोला, मैं सर्जन हूं। मैंने उससे कहा, तो आप एक सर्जरी करके दिखा दीजिए।'